● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 328, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मैं अनपढ़ हूं, नहीं पता किस पर किए हस्ताक्षर : कवासी 5

खिलाड़ियों के अनुशासनहीनता से नाराज गंभीर 6

## उद्यमशीलता के माध्यम से भारत को पुनः सोने की चिड़िया बनाएंगे : डॉ. यादव

### प्रदेश में एक-एक युवा को उसकी योग्यता, दक्षता के अनुरूप मिलेगा रोजगार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में उद्यमशीलता के माध्यम से भारत को पुन: सोने की चिड़िया बनाएंगे। वर्ष 2014 में जब मोदी जी की सरकार बनी थी, भारत की अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां थीं। भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। हमने अपनी आंतरिक शक्तियों, अनंत संभावनाओं को पहचाना और आज हम आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी तेज गति से विकास हो रहा है। हमारा मध्यप्रदेश 9 करोड़ का परिवार है और आने वाले 5 वर्षों में हम अपनी जीडीपी को दोगुना करने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपति हमारी सर्वे भवंतु सुखिन: की सनातन संस्कृति को चरितार्थ करते हैं। जिस प्रकार एक योद्धा युद्ध में देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देता है उसी प्रकार एक उद्यमी कई परिवारों का भला करता है। यदि हम सभी अपनी-अपनी भूमिका को ठीक ढंग से निभाएं तो सभी का कल्याण होगा और देश तरक्की करेगा। अपने लिए जिए तो क्या जिए, तू जी ए दिल जमाने के लिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरलता, सुगमता के साथ व्यापार व्यवसाय हमारी औद्योगिक नीति है। राज्य में उद्योगों के अनुकूल वातावरण है। हम उद्योगों को सहकार, सहयोग और सम्मान देते हैं। राज्य में औद्योगिक श्रमिकों की कोई परेशानी नहीं है। पर्यटन, आईटी सेक्टर और रेडीमेड गारमेंट्स आदि क्षेत्रों में उद्योगों को




शहडोल कॉन्क्लेव में 32,520 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए

विशेष इंसेंटिव दिए जाते हैं। रेडीमेड गारमेंट्स में 200 प्रतिशत तक मदद दी जाती है और 10 वर्ष तक 5 हजार रूपये प्रति मजदूर इंसेंटिव भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में एक-एक युवा को उसकी योग्यता और दक्षता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। मध्यप्रदेश में पिछले कुछ समय में 6 रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित किये गए हैं, जिनमें 04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, और इनके माध्यम से 3 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मध्यप्रदेश में 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को तलाशते हुए, सभी विभाग अपनी नीतियां बना रहे हैं, जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगी। प्रदेश में नव उद्यमिता (स्टार्ट्सअप) को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने स्टार्ट्सअप दिवस की सभी को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि हमारे लिए विकास का अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचना का विकास नहीं है, हम समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए मिशन प्रारंभ किया है, जिस पर हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि शहडोल, अनूपपुर, उमरिया क्षेत्र धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, परंतु इस क्षेत्र का विकास कहीं न कहीं रुका हुआ था। अब इनके विकास का समय आया है, आगामी वर्षों में यहां सर्वांगीण विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संतुलित विकास की दिशा में कदम बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश की सातवीं रीजनल इंडस्ट्रीज कान्क्लेव %अपार संभावनाओं की भूमि% शहडोल में आयोजित हुई है। उद्योगपतियों द्वारा यहां अपने अनुभव साझा किये गये है। मध्यप्रदेश की अग्रसर औद्योगिक नीति और अनुकूल औद्योगिक वातावरण से यहां निवेश के निरंतर प्रस्ताव प्राप्त हो रहे है, जो कि हमारी प्रगतिशील औद्योगिक नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हमारा लक्ष्य है शहडोल को एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना जो के केवल मध्यप्रदेश नहीं अपितु पूरे देश का औद्योगिक केन्द्र बनें।

## सड़क निर्माण में खामियों को गैर-जमानती अपराध बनाया जाए

### रोड की निराशाजनक हालत पर बिफरे गडकरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अगर सड़क निर्माण में कोई खामी होती है, तो इसे गैर-जमानतीय अपराध बनाया जाना चाहिए। साथ ही सड़क ठेकेदारों तथा इंजीनियरों को दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए।

उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत नंबर एक पर है। महज 2023 में पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं।

उन्होंने कहा, सड़क निर्माण में खामी पाया जाना गैर जमानतीय अपराध होना चाहिए। इसके साथ ही ठकेदारों और इंजीनियरों को हादसों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। 2023 में पांच लाख हादसे हुए, जिनमें 1,72,000 लोगों की जान गई। इसमें से 66.4 फीसदी यानी 1,14,000 मरने वाले लोगों की उम्र महज 18 से 45 थी। वहीं, 10 हजार बच्चों की मौत हुई थीं। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय का उद्देश्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि 55,000 मौतें हेलमेट न पहनने के कारण और 30,000 मौतें सीट बेल्ट न पहनने के कारण हुईं। साथ ही, उन्होंने कहा कि मंत्रालय सड़कों पर ब्लैक स्पॉट (खतरनाक स्थान) को सुधारने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। गडकरी ने उद्योग और अन्य संबंधित पक्षों से सरकार के साथ मिलकर ड्राइवर प्रशिक्षण और फिटनेस सेंटर स्थापित करने का आह्वान किया, ताकि देश में ड्राइवरों की कमी को दूर किया जा सके।

## गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे इंडोनेशियाई राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय ने इसे लेकर आधिकारिक घोषणा की है। यह उनकी पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर प्रबोवो 25 और 26 जनवरी को भारत में रहेंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक व्यापक रणनीतिक साझेदार के रूप में इंडोनेशिया भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और इंडोनेशिया के बीच हजारों वर्षों से मधुर और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की यात्रा दोनों देशों के नेतृत्व को द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा करने के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने का मौका देगी।

पिछले साल फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि थे, जबकि 2023 में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी इस अवसर पर शामिल हुए थे। 2021 और 2022 में कोविड-19 महामारी के कारण गणतंत्र दिवस पर कोई मुख्य अतिथि नहीं था। यह प्रक्रिया आयोजन से करीब छह महीने पहले शुरू हो जाती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विदेश मंत्रालय शामिल रहता है। किसी भी देश को निमंत्रण देने के लिए सबसे पहले यह है देखा जाता है कि भारत और संबंधित अन्य राष्ट्र के बीच मौजूदा संबंध कितने अच्छे हैं। इसका निर्णय देश के राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और वाणिज्यिक हितों को भी केंद्र में रख कर लिया जाता है। पहले विदेश मंत्रालय संभावित उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करता है और फिर इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास भेजा जाता है।

## अचानक महाकुंभ से लौटीं लॉरेन पॉवेल

**प्रयागराज।** एप्पल को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल महाकुंभ से अचानक लौट गई हैं। वो दस दिन के लिए यहां आईं थी, लेकिन तीन दिन में ही वापस चली गईं। लॉरेन पॉवेल को एलर्जी की दिक्कत हो गई थी। बताया जा रहा है कि जॉब्स अगले कुछ दिन भूटान में ही प्रवास करेंगी। एप्पल के को फाउंडर और अरबपति कारोबारी स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए पहुंचीं। उन्होंने निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में प्रवास किया।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने श्रीहरिकोटा में तीसरे लॉन्च पैड के निर्माण को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) में तीसरा लॉन्च पैड के निर्माण को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर कुल लागत 3,985 करोड़ रुपये की आएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। इस परियोजना के तहत इसरो के नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) के लिए आवश्यक लॉन्च ढांचा तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही, यह श्रीहरिकोटा में दूसरे लॉन्च पैंड के लिए एक



बैकअप (स्टैंडबाय) लॉन्च पैड के रूप में भी काम करेगा। सरकार ने एक बयान में कहा, इस कदम से भारत के भविष्य के मानव अंतरिक्ष मिशनों की लॉन्च क्षमता बढ़ेगी। तीसरे लॉन्च पैड का डिजाइन इस तरह से किया जाएगा कि वह न केवल एनजीएलवी को बल्कि एलवीएम3 वाहनों का भी समर्थन कर सकेगा, जिसमें सेमीक्रायोजेनिक चरण और एनजीएलवी के विस्तारित रूप शामिल हैं। यह लॉन्च पैड इसरो के अनुभव और उद्योगों की भागीदारी से तैयार किया जाएगा, जिसमें मौजूदा लॉन्च कॉम्पलेक्स की सुविधाओं को भी शामिल किया जाएगा। बयान में कहा गया कि इस तीसरे लॉन्च पैड का निर्माण कार्य चार वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इस परियोजना से इसरो की भविष्य की लॉन्च क्षणता में महत्वपूर्ण वृद्धि हो सकती और यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में मदद करेगा।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 12 की मौत

**बीजापुर।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के पुजारी कांकेर व मारुड़बाका के जंगल में गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूत्रों के मुताबिक, मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। दक्षिण बीजापुर के जंगल में सुबह करीब नौ बजे गोलीबारी शुरू हो गई।

## गरीबी में जन्मे मोदी ने कभी नकारात्मकता नहीं पाली : शाह

**वड़नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद कभी भी नकारात्मकता को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाया। उन्होंने अपनी गरीबी को जरूरतमंदों के प्रति सहानुभूति में बदला और लोगों की भलाई के लिए कड़ी मेहनत की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यह बात कही। शाह ने कहा कि मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीब लोगों की जिंदगी को बदलने के लिए मकान, शौचालय, पानी, गैस और बिजली कनेक्शन, सस्ती दवाइयां और मुफ्त राशन जैसी सुविधाएं प्रदान की हैं। गृह मंत्री शाह मेहसाणा में पीएम मोदी के गृहक्षेत्र वड़नगर में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया, जिसमें एक पुनर्विकसित स्कूल भी शामिल है, जहां प्रधानमंत्री ने अपनी प्राथमिक शिक्षा हासिल की थी। यह स्कूल साल 1888 में बनाया गया था। गृह मंत्री ने कहा, मनोविज्ञान में सिखाया जाता है कि जो बच्चा गरीबी और अभाव में अपना बचपन बिताता है,वह नकारात्मकता से प्रेरित होता है।

## घर में घुसकर सैफ अली खान पर चाकू से हमला

**मंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर बुधवार देर रात उनके ही घर में चाकू से हमला किया गया। इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबरों की मानें तो सैफ का ऑपरेशन हो गया है। कॉस्मैटिक सर्जरी भी हो रही है। ऑपरेशन में सैफ के घाव से तीन इंच की नुकीली चीज भी निकाली गई है। खबरों की मानें तो स्क्रायड डॉग को सैफ अली खान के अपॉर्टमेंट में जांच के लिए लाया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, एक अज्ञात



शख्स सैफ के घर में घुसा। दोनों के बीच हाथापाई हुई। घटना के समय अभिनेता के कुछ पारिवार के अन्य सदस्य भी घर में मौजूद थे। कहा यह भी जा रहा है कि घर में घुसे शख्स की नौकरानी से बहस हुई। जब अभिनेता ने बीच-बचाव कर व्यक्ति को समझाने और शांत करने की कोशिश की, तो उसने सैफ अली खान पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद बांद्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। करीना की टीम ने कहा है कि घर में सब ठीक हैं। पुलिस ने बताया कि घटना आधी रात को अभिनेता के बांद्रा स्थित घर पर हुई। हमले के दौरान सैफ के हाथ, रीढ़ की हड्डी और गर्दन पर घाव आए हैं। अस्पताल में सैफ अली खान का अस्पताल में ऑपरेशन चल रहा है। उनकी पत्नी करीना कपूर खान भी उनसे मिलने सुबह 4.30 बजे अस्पताल पहुंची हैं।

पुलिस के मुताबिक, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर घर में घुसे चोरों ने चाकू से हमला कर दिया है। उन्हें मुंबई के अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बांद्रा के डीसीपी ने कहा, ये सच है, रात 2.30 बजे सैफ अली खान के घर में अनजान शख्स घुसा। इस दौरान सैफ अली खान पर चोर ने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी ने बताया कि इसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि, ये चोटें उतनी गंभीर नहीं हैं।

## सीएम नीतीश की सुरक्षा व्यवस्था में दिखी लापरवाही

**खगड़िया।** खगड़िया में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सुरक्षा में लापरवाही देखने को मिली। उनके आने से कुछ मिनट पहले समाहरणालय के सामने बेरीकेडिंग पार कर एक विवाहित जोड़ा आपस में उलझ गया। इस दौरान पति पत्नी में नोंकझोंक और धक्का मुक्की भी हुई। जबकि सीएम की सुरक्षा को लेकर समाहरणालय सहित तमाम वैसे मार्ग जहां से उनको गुजरना था वहां बेरीकेडिंग की गई थी। बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार कर पति पत्नी और अन्य लोग बेरीकेडिंग पार कर गए। जो जिला प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा रहा है। वहीं दूसरी ओर एक अन्य शख्स बैरिकेडिंग पार करते हुए सीएम के हेलीपैड के पास जा पहुंचा। हालांकि सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने उसे रोक लिया। इन दो घटनाओं के बाद सीएम नीतीश कुमार की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी देखने वालों पर सवाल उठने लगे।

## इस्राइली हमलों में 72 की मौत

**तेल अवीव।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि युद्धविराम समझौते की घोषणा के बाद से इस्राइली हवाई हमलों में कम से कम 72 लोग मारे गए। मंत्रालय ने कहा ये आंकड़े केवल गाजा सिटी के दो अस्पतालों में पहुंचे शवों से संबंधित हैं और वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। मंत्रालय के पंजीकरण विभाग के प्रमुख जहीर अल-वहीदी ने कहा, कल एक खूनी दिन था और आज स्थिति और भी खराब हो गई है। इससे पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा था कि हमास के साथ आखिरी समय में संकट के कारण इस्राइल युद्धविराम समझौते को मंजूरी देने में देरी कर रहा था। इस युद्धविराम समझौते का मकसद गाजा पट्टी में संघर्ष को रोकना और कई बंधकों को रिहा करना है।

## सेवा वितरण में सुधार के लिए केंद्र ने राज्यों के साथ की बैठक

**नई दिल्ली।** डीएआरपीजी ने सेवा वितरण में सुधार के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणाली का आदान-प्रदान करने हेतु सेवा का अधिकार(आरटीएस) आयुक्तों की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान साझा की गई सर्वोत्तम कार्यप्रणाली में आरटीएस आयोग हरियाणा की ऑटो-अपील प्रणाली, राजस्थान का राज संपर्क 181 कॉल सेंटर और बिहार की बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी शामिल थीं। बैठक में प्रौद्योगिकी का उपयोग करके नागरिकों और सरकार को निकट लाने के लिए ई-सेवाओं को बढ़ावा देने पर जोर देने को भी कहा गया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, बैठक की अध्यक्षता प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के सचिव वी श्रीनिवास ने की। इस बैठक में महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, असम, मेघालय के आरटीएस मुख्य आयुक्त और आयुक्त, के साथ ही बिहार सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव और राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के वरिष्ठ महाप्रबंधक भी शामिल हुए।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा इस बैठक के बारे में जारी किए गए बयान में कहा गया है कि इसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी का उपयोग करके नागरिकों और सरकार को करीब लाने के लिए ई-सेवाओं को बढ़ावा देना भी है।

## रेलवे के लिए बजट 2025 में बड़े बदलाव की तैयारी

**नई दिल्ली।** बजट 2025 में भारतीय रेलवे के पूंजीगत व्यय आवंटन में 15-20% का इजाफा किया जा सकता है। यह उम्मीद इसलिए की जा रही है क्योंकि चालू वर्ष का आवंटन समय पर खर्च हो रहा है। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्टर के लिए बजट 2025-26 में कुल पूंजीगत व्यय आवंटन (कैपेक्स) का चालू वित्त वर्ष के ?2.65 लाख करोड़ से बढ़ाकर 3 लाख करोड़ से अधिक किया जा सकता है। आने वाले बजट में सरकार का जोर आधुनिक रेलवे स्टेशन बनाने, नए दौर की ट्रेनें शुरू करने और ट्रैक नेटवर्क पर भार कम करने पर रह सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट 01 फरवरी 2026 को लोकसभा में पेश करेंगी।

रेलवे से जुड़े एक सूत्र के अनुसार आने वाले बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर आवंटन 20 फीसदी तक बढ़ाया जा सकता है। रेलवे के अनुमानों के अनुसार पिछले बजट में इस मद में मिले 2.65 लाख करोड़ रुपये में से रेलवे ने अब तक करीब 80 फीसदी खर्च कर लिए हैं। एक वरीय अधिकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड ने चालू वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। उनके अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले कैपेक्स का लक्ष्य पूरी तरह से हासिल कर लिया जाएगा।

आने वाले साल के लिए पेश होने वाले बजट में वित्त मंत्री आम



लोगों को खास अनुभव देने के लिए रेलवे के लिए बड़ा एलान कर सकती हैं। इस बजट में सरकार की ओर से नए ट्रैक बिछाने और पुराने ट्रैकों को अपग्रेड करने के लिए ज्यादा आवंटन का एलान हो सकता है। रोलिंग स्टॉक लोकोमोटिव, वैगन और कोचों की खरीद पर भी खर्च बढ़ाया जा सकता है। सरकार की महत्वाकांक्षी मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर (एमएएचएसआर) पर सरकार अपना खर्च बढ़ाना जारी रख सकती है। परियोजना में गति तेज करने के लिए बुलेट ट्रेन के बजट आवंटन में इजाफा किया जा सकता है। इसके अलावे, कारोबार जगत ने भी सरकार से अपील की है कि वह बड़े पूंजीगत व्ययों पर खर्च बढ़ाना जारी रखे, जिससे निजी निवेश को प्रोत्साहन मिले और नरम पड़ी वृद्धि दर दोबारा ट्रैक पर लौट सके।

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्तीय वर्ष में चार साल के निचले स्तर पर पहुंचकर 6.4% रहने का अनुमान है। पिछले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 8.2% था। केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में पूंजीगत व्यय के लिए 11.1 लाख रुपये मुहैया कराए हैं। यह राशि पिछले वित्त वर्ष (2023-24) की पूंजीगत व्यय के लिए निर्धारित राशि 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। इस राशि का बड़ा हिस्सा रेलवे और सड़क जैसी बड़ी परियोजनाओं पर खर्च किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026 में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी मोड) के तहत निवेश लक्ष्य बढ़ाने की उम्मीद है। रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष में पीपीपी के तहत पूंजीगत खर्चों पर 10 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा है, इसका 90% मध्य जनवरी तक खर्च किया जा चुका है। चालू वित्त वर्ष में रोलिंग स्टॉक के लिए 50,903 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना थी।

# डीपीओ की ईओडब्ल्यू से शिकायत,दो करोड़ की सामग्री को 4 करोड़ में खरीदा

## डीपीओ ने विनिष्मा टेक्नोलॉजिस को डिसक्वालीफाई कर आदित्य इंटरप्राइजेज को काम देने के लगे आरोप

**सिंगरौली।** अपने रंगीन मिजाजी हरकतों के चलते सुर्खियों में रहने वाले महिला बाल विकास अधिकारी राजेश राम गुप्ता एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार ईओडब्ल्यू से हुई शिकायत में आरोप है कि महिला बाल विकास अधिकारी ने 2 करोड़ की सामग्री को करीब 4 करोड़ रुपए में खरीद कर सरकारी रूपयों का बंदर बांट किया है। पिछले साल आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए करीब 4 करोड रुपए की सामग्री खरीदी में किया गया है।




गौरतलब है कि पिछले वर्ष एनसीएल दुद्धीचुआ परियोजना ने सीएसआर मद से आंगनबाड़ी केन्द्रों को आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों के रूप में स्थापित करने के लिए जिला महिला बाल विकास अधिकारी के बीच अनुबंध किया और आंगनबाड़ी केंद्रों में दो दर्जन सामग्री देने के लिए तकरीबन 4 करोड़ रूपये भी मुहैया करा दिया। लेकिन महिला बाल विकास अधिकारी ने स्वीकृत कार्य के अनुरूप कार्य नहीं करने और मनमानी तरीके से सामग्री खरीदी की गई जो पूर्ण रूप से नियम विरुद्ध है जबकि नियमानुसार स्वीकृत और अनुबंध कार्य ही संबंधित अधिकारी के द्वारा कराया जाना था।वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश ने 14 दिसंबर 2024 को कलेक्टर को पत्र लिखकर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सिंगरौली के विरुद्ध अपराध शाखा भोपाल में हुई शिकायतों का जवाब नहीं देने और कोई दस्तावेज उपलब्ध कराने पर ईओडब्ल्यू की शिकायत पर ध्यान आकृष्ट कराया है।

### दो करोड़ की सामग्री को 4 करोड़ में खरीदा

ईओडब्ल्यू में हुई शिकायती पत्र में आरोप है कि जेम्स पोर्टल के माध्यम से सामग्रियों के क्रय के टेण्डर मगाये गये। जिसमें एल-1 विनिष्मा टेक्नोलॉजिस प्रा.लि.ने उक्त करीब 23 सामग्रियों को देने के लिये 2 करोड़ 10 हजार रूपये का रेट दिया था। लेकिन आरोप है कि डीपीओ ने विनिष्मा फर्म को डिस्क्वालीफाई करते हुये अपने चहेते मेसर्स आदित्य इंटर प्राइजेज इन्दौर से वहीं सामग्री उसी कंपनी के दोगुने दाम में तकरीबन 3 करोड़ 82 लाख 80 हजार खर्च कर सामग्री खरीदी किया है।

### अधिकारियों और मंत्री को मैनेज करने की हो रही चर्चा

सूत्रों की माने तो रंगीन मिजाज रखने वाले महिला बाल विकास अधिकारी विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। और सरकार की योजनाओं सहित सीएसआर मद में करोड़ों रुपए के घोटाले के शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होना कई सवाल खड़े कर रहें हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो डीपीओ राजेश राम गुप्ता की हनक यहां तक हो गई है कि वह यह कहने लगे हैं कि हम अधिकारियों और मंत्रियों को मैनेज करते हैं किस बात लिए। जिला पाने लिए अधिकारियों सहित मंत्रियों तक पैसा पहुंचता है। भ्रष्टाचार तो ब्यूरोक्रेसी और डेमोक्रेसी में है और नाम सिर्फ हमारा खराब होता है।

# जिले भर से आये कार्यकर्ताओं से मिले नवनियुक्त जिलाध्यक्ष,आगामी कार्यक्रमों पर हुई परिचर्चा

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में जिले भर से आये कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से आत्मीय मुलाकात की तथा उनको शुभकामनाएं प्रेषित की। जिले भर से आये कार्यकर्ताओं एवं? पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष ने समस्त कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया तथा अपने उद्बोधन में कहा कि आज दायित्व परिवर्तन जरुर हुआ है किंतु संगठन की गतिविधियां लगातार चलती रहती हैं। जिलाध्यक्ष ने आगामी संविधान गौरव यात्रा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये आवश्यक दिशा निर्देश कार्यकर्ताओं को दिये। संगठन ने पूर्व में जिलाध्यक्ष को इस कार्यक्रम का प्रभारी बनाया था तथा जिलाध्यक्ष ने इस कार्यक्रम के लिये प्रभारी प्रतिनिधि के रूप में जिला महामंत्री राजकुमार दुबे को नियुक्त किया है तथा संविधान गौरव यात्रा कार्यक्रम की समस्त गतिविधियां



राजकुमार दुबे के संचालन में सफल होंगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन का प्रत्येक दायित्व वान कार्यकर्ता अपने दायित्व का पूर्ण रूपेण निर्वहन करें तथा जिला पदाधिकारी से लेकर बूथ स्तर तक के पदाधिकारी का मूल्यांकन उसके कार्य पर ही होगा। हर कार्यकर्ता का सम्मान होगा तथा उसके सुख दुख में मैं आधी रात को भी दक्षता से खड़ा रहूंगा। हमारी पार्टी अनुशासन और सुचिता के लिए जानी जाती है तथा हमारे जिले का संगठन भी इसी रूप में अपनी ख्याति अर्जित करें ऐसा हम सबको सामूहिक प्रयास करना है। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का मंचीय संचालन जिला मंत्री विनोद चौबे ने किया तथा आभार व्यक्त जिलामंत्री ध्रुव सिंह ने किया। सभागार में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष आशा यादव, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे, जिलामंत्री बविता जैन, पूनम गुप्ता, वरिष्ठ नेता नरेश शाह, आई टी सेल के संयोजक सुरेश गिरी, मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल, कमलेश वैश्य, राजेंद्र सिंह, विनोद चौबे, वरिष्ठ नेत्री किरण सोनी, विजया सिंह, सत्यभामा सिंह समेत जिले भर से आये कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घायलों से मिले जिलाध्यक्ष व विधायक की आर्थिक मदद एवं उचित उपचार हेतु दिया चिकित्सकों को निर्देश



सिंगरौली

विगत दिवस देवसर विधानसभा के पुरैल निवासी रामबली साहू व उनके परिवार के सड़क दुर्घटना हो गई थी जिसमें उनकी पत्नी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा रामबली साहू व उनका बेटा अशोक गंभीर रुप से घायल हो गये थे। घायलों को तत्काल ट्रामा सेंटर में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां रामबली साहू की भी मृत्यु हो गई तथा बेटे अशोक का गंभीर अवस्था में उपचार चल रहा है। घटना की जानकारी होने के पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह एवं देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम ट्रामा सेंटर पहुंचे तथा घायल अशोक के समुचित आवश्यक उपचार के लिये उपस्थित चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिये। विधायक देवसर ने पीड़ित परिवार को तुरंत ही 40000 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना प्रदान किये। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने घायल अशोक के शीघ्रता से स्वस्थ होने की कामना की तथा मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# नर्मदा सेवा समिति ने ग्राम बरदघटा में मनाया मकर संक्रांति पर्व, पहुचे विधायक

**सिंगरौली।** नवांकुर संस्था नर्मदा सेवा समिति बरदघटा की अध्यक्ष प्रीता गुर्जर द्वारा मकर संक्रांति की पावन पर्व पर महिला सशक्तिकरण , लैंगिक उत्पीड़न की जानकारी देते हुए लाई गुड़ वितरण किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह एवं विशिष्ट अतिथि मंडल तियरा अध्यक्ष केपी शाह , जन अभियान परिषद जिला समन्यवक राजकुमार विश्वकर्मा , गायत्री परिवार राममिलन सोनी राजेश विश्वकर्मा , सरपंच, सचिव सीमा जायसवाल पार्षद ग्राम पंचायत उर्ती सरपंच कृष्णावती जायसवाल, जनपद सदस्य शांति बैंगा , वार्ड पंच शीला बैगा, फूल कुंवर बैगा, पूर्व सरपंच अशोक जायसवाल नवांकुर संस्था प्रतिनिधि जग प्रसाद विश्वकर्मा,



मनोहरलाल वर्मा , श्रीनिवास श्रीवास्तव, परामर्शदाता , सीमा भारती, अस्मिता, आसीन शाह, धर्मेंद, सुनीता शाह एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी, बच्चे तथा ग्रामीण जन एवं महिलाएं सभी के उपस्थिति में कंबल का वितरण किया गया और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र गांव में बैगा कलाकारों के मध्य विधायक सिंगरौली राम निवास शाह ने मांदर बजाते हुए , थीरक उठे साथ ही जन अभियान परिषद जिला समन्वयक राज कुमार विश्वकर्मा ने भी गीत नित्य से प्रभावित होकर वे भी भाव विभोर हो गए संस्था की कार्यक्रम समन्वक रमेश कुमार के द्वारा माटी को शान, शान मानव बनाया ,गतिविधि कराई गई जिसमें विधायक सर और उनके साथ समस्त पदाधिकारी ग्रामीण जन उत्सुक होकर रंगारंग नाच डांस में भावुक हुए तथा संस्था की अध्यक्ष प्रीता गुर्जर, सुनीता शाह के द्वारा एक उंगली नाच रही थी गतिविधि कराई गई जिसमें ग्राम की सरपंच जनपद सदस्य और समस्त महिलाएं उत्साहित होकर गतिविधि में अपनी भूमिका निभाई । इसी बीच एमएल वर्मा द्वारा आदिवासी गीत एवं जागरण गीत की प्रस्तुति कर सभी समाज तक आवाज पहुंचाया गया कि बिरादरी पंचायत क्षेत्र सिंगरौली के आदिवासी समाज को जन जागृत , संदेश दिया गया तत्पश्चात उपस्थित महानुभावों द्वारा मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी गई और उपस्थित महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। इस संस्था की अध्यक्ष प्रीता गुर्जर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं तिल का रसास्वादन कराया गया।

# यातायात पुलिस द्वारा जगह-जगह पर आयोजित किया जा रहा जागरुकता कार्यक्रम

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के निर्देशन, शिव कुमार वर्मा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक) एवं पीएस परस्ते (सीएसपी, विन्ध्यनगर) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यातायात व सिंगरौली पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहें दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक सड़क सुरक्षा माह के अतंर्गत विशेष जागरुकता अभियान में आज दिनांक 16.01.2025 को यातायात पुलिस सिंगरौली के द्वारा विभिन्न स्थानों में जाकर विशेष जागरुकता अभियान के दौरान पंपलेट वितरण, वाहनों में स्टीकर लगाना एवं हेलमेट सीटबेल्ट



लगाने हेतु उद्योधन देकर यातायात नियमों का पालन किये जाने हेतु अपील की गई। एवं हेलमेट एवं सीटबेल्ट न लगाने से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाईस दी गई है। साथ ही लोगों को समझाईस दी गई की अधिकांश सड़क दुर्घटनायें तेज रफ्तार वाहन चलानें, गलत दिशा में वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलानें से होती है। यातायात पुलिस द्वारा इस संबंध में सभी आमजन से शपथ भी दिलाई गई कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन न चलाएं सीट बेल्ट लगाकर ही चार पहिया वाहन चलाएं शराब पीकर वाहन ना चलाएं यातायात नियमों का पालन करे ।

# गोरबी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ एक को पकड़ा

## 5 आरोपियों से 44 लीटर देसी शराब भी जप्त

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए ऑपरेशन प्रहार के निर्देश जारी होते ही जिले का पुलिस महकमा थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार कर रहे हर व्यक्ति पर शिकंजा कसने में जुट गया है। इसी क्रम में मोरवा थाना अंतर्गत गोरबी पुलिस द्वारा चौकी द्वारा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर कुल 5 लोगों से करीब 44 लीटर अवैध हाथभट्टी देसी शराब जप्त कर आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत मामला पंजीकृत किया है। वहीं एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़ा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन एवं मोरवा निरीक्षक




कपूर त्रिपाठी के निगरानी में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक भिपेंद्र पाठक ने अपनी टीम के साथ बीते दिनों कार्रवाई करते हुए ग्राम लोटन के राम सजीवन साहू से 7 लीटर, ग्राम सोलन निवासी रानी साकेत के कब्जे से 10 लीटर, रामकृष्ण केवट के कब्जे से 7 लीटर, ग्राम पड़री के सीताराम जायसवाल के कब्जे से 10 लीटर, गोरबी बस्ती निवासी कृष्ण कुमार बैस के कब्जे से 10 लीटर कुल 44 लीटर देसी महुआ से बनी शराब जप्त की गई। इसके साथ ही ग्राम नोढिया निवासी संकलित सोनी के कब्जे से मुखबिर की सूचना पर गोरबी परेवा नाला के पास से मादक पदार्थ गांजा लेकर आने के दौरान रेड कार्यवाही कर उसके कब्जे से कुल 324 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# जिलें के 7 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा

**सिंगरौली।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पचौर बैढ़न जिला सिंगरौली ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2025-26 में कक्षा 6 वीं प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को जिले के तीनो विकास खण्डों के कुल 7परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है उन्होंने बताया कि विकास खण्ड चितरंगी में प्रवेश परीक्षा शासकीय हायर सेकन्ड्री उतकृष्ट विद्यालय एवं कन्या हायर सेकन्ड्री उतकृष्ट विद्यालय चितरंगी में आयोजित की जायेगी। वही विकास खण्ड देवसर में सीएम राईज हायर सेकन्ड्री विद्यालय बरगवा एवं कन्या हायर सेकन्ड्री विद्यालय देवसर में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

# एनपीएल के खिताबी मुकाबले में युवा खुटार बनी विजेता



**सिंगरौली।** नौगढ़ के मधुवन बाग मैदान में आयोजित किए गए एनपीएल 2025 का खिताबी मुकाबला पुलिस इलेवन सिंगरौली और युवा खुटार के बीच खेला गया जिसमें युवा खुटार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया।पुलिस इलेवन ने निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर 109 रन बनाए जिसमें उपेंद्र ने 46 रनों का योगदान दिया।युवा खुटार ने निर्धारित लक्ष्य को 8वे ओवर में 3 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया जिसमें सूरज तिवारी 77 रन बनाकर एकतरफा मुकाबला कर दिए।पुरस्कार वितरण में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल,पूर्व विधायक रामलल्लु बैस, एडिशनल एसपी शिव कुमार वर्मा, सीएसपी पीएस परस्ते,कोतवाली टीआई अशोक सिंह परिहार,नवानगर टीआई ज्ञानेंद्र सिंह,राजेश सिंह मेडिकल कॉलेज नौगढ़,और युवा मोर्चा महामंत्री सिंटू पाण्डेय उपस्थित रहें जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया।फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच सूरज तिवारी,टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन सूरज तिवारी,बेस्ट बॉलर उपेंद्र सिंह एवं मैन ऑफ द टूर्नामेंट उपेंद्र सिंह रहें जिन्हें ट्रॉफी के साथ एलईडी टीवी दिया गया।विजेता टीम युवा खुटार को 51000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी, उप विजेता टीम पुलिस इलेवन सिंगरौली को 31000 रुपए नगद और ट्रॉफी प्रदान किया गया।समापन समारोह में मुख्य रूप से बालकृष्ण बैस,राजेंद्र बैस,शंकर दयाल बैस,राधा कृष्ण बैस,बृजेंद्र बैस, अमित बैस,शंकर बैस,प्रीतम बैस,अखिलेश बैस,अनिल साकेत इत्यादि का सहयोग प्राप्त हुआ वही निर्णायक की भूमिका में आशीष शुक्ला और अजय सोनी एवं कमेंटेटर के रूप में आनंद बैस,संजय खैरवार एवं दिल मोहन,अतुल बैस प्रीतम बैस ,समीर बेस,राजेश बेस,ने सहयोग किया।एनपीएल आयोजक संजय बैस,अमित मिश्रा और इतजोगी बैस ने सभी सहयोगियों और दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए 2025 सत्र के समापन की घोषणा की।

**कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं अपर सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग**

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा-4

क्रमांक /1131/ भू-अर्जन / 2024

सीधी, दिनांक 21/11/2024

**अधिसूचना**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (2) मे सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन-
(क)जिला :- सीधी
(ख)तहसील :- सिहावल
(ग)ग्राम :- गजरही
(घ)निजीभूमि का अर्जित क्षेत्रफल :- रकवा 0.020 हे0

| क0 | खसरा नं0 | अर्जित रकवा हे0 मे | भूमिस्वामी का नाम | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 14/2 | 0.020 | लीलमणि पिता रामसुन्दर पटेल सा.हटवा वरहाटोला देह. | झगरौही पहुँच मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी.के निर्माण हेतु। |
| निजी भूमि का योग- | | 0.020 | | |

भूमि का नक्शा (प्लान) उपखण्ड अधिकारी सिहावलके कार्यालय मे देखा जासकताहै।

म.प्र. राज्यपाल के नाम से के
तथा आदेशानुसार

**( स्वरोचिष सोमवंशी )**
कलेक्टर एवं अपर सचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग

जी-21768/24

**कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं अपर सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग**

. अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा-4

क्रमांक /1129/ भू-अर्जन / 2024

सीधी, दिनांक 21/11/2024

**अधिसूचना**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (2) में सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन-
(क)जिला :- सीधी
(ख)तहसील :- सिहावल
(ग)ग्राम :- चितांग
(घ)निजीभूमि का अर्जित क्षेत्रफल :- रकवा 0.270 हे0

| क0 | खसरा नं0 | अर्जित रकवा हे0 मे | भूमिस्वामी का नाम | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 5 | 0.070 | सुशीला सिंह वेवा अवधेश प्रताप सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राम सिंह, रेखा सिंह, पुष्पा सिंह, राजश्री पिता अवधेश प्रताप सिंह, मु.सरोज सिंह वेवा शिवबहादुर सिंह, पुष्पराज सिंह, कृष्ण कुमार सिंह पिता शिवबहादुर सिंह | झगरौही पहुँच मार्ग लम्बाई 2.30 कि.मी.के निर्माण हेतु। |
| 2 | 6 | 0.190 | सुशीला सिंह वेवा अवधेश प्रताप सिंह, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राम सिंह, रेखा सिंह, पुष्पा सिंह, राजश्री पिता अवधेश प्रताप सिंह, मु.सरोज सिंह वेवा शिवबहादुर सिंह, पुष्पराज सिंह, कृष्ण कुमार सिंह पिता शिवबहादुर सिंह . | |
| 3 | 9 | 0.010 | गोमती सिंह वेवा लालविहारी सिंह 1/7, हीरालाल सिंह पिता लालबिहारी सिंह1/7, मु.विमला सिंह वेवा राजेन्द्र बहादुर सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, संग्राम सिह,दिलीप सिंह, संजय सिंह पिता राजेन्द्र बहादुर सिंह 1/7, जाति क्षत्रिय, मु.सरला सिंह वेवा सुरेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, संतोष कुमार पिता सुरेन्द्र प्रताप सिंह 1/7, वृजेन्द्र सिंह पिता लालबिहारी सिंह 1/7, राजेश्वर सिंह पिता लालबिहारी सिंह 1/7, नामेन्द्र सिंह पिता लालबिहारी सिंह 1/7 | |
| निजी भूमि का योग- | | 0.270 | | |

भूमि का नक्शा (प्लान) उपखण्ड अधिकारी सिहावल के कार्यालय में देखा जा सकतां है।

म.प्र. राज्यपाल के नाम से के
तथा आदेशानुसार

**( स्वरोचिष सोमवंशी )**
कलेक्टर एवं अपर सचिव
म.प्र. शासन राजस्व विभाग

जी-21741/24

# देव कुमार पुनः भाजपा जिला अध्यक्ष निर्वाचित, लगा बधाइयो का तांता

## शानदार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न करने के लिए सभी का अभिनंदन : निर्वाचन अधिकारी पाराशर

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक का निर्वाचन मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र पाराशर, जिला सह निर्वाचन अधिकारी पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, जिला सह निर्वाचन अधिकारी पूर्व जिला महामंत्री मोतीलाल पटेल के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




कल देर रात पार्टी कार्यालय में निर्वाचन प्रक्रिया को अंतिम रूप देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र पाराशर ने देव कुमार सिंह चौहान को पुनः भाजपा जिला अध्यक्ष घोषित किया, जिसका उपस्थित जन समुदाय ने जोरदार तालिया की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र पाराशर ने बताया कि संगठन पर्व भारतीय जनता पार्टी की लोकतंत्र के प्रति अपनी कठोर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। जिसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी में प्रथम चरण के दौरान जिले के 1036 बूथो के पोलिंग बूथ अध्यक्षों का आम सहमति से निर्वाचन संपन्न हुआ। द्वितीय चरण में सभी बूथ अध्यक्षों की सहमति से 21 मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। तृतीय चरण में भाजपा जिला अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ।10 प्रतिशत निर्वाचित मंडल के द्वारा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु सहमति के अनुसार तय नाम का प्रस्ताव किया गया। उसके पश्चात पार्टी जिला अध्यक्ष के निर्वाचन की आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। उपस्थित जन समुदाय ने एक स्वर से तालिया की गड़गड़ाहट के साथ सर्वसम्मति से भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का अभिनंदन किया।

### शानदार रही निर्वाचन प्रक्रिया

मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेंद्र पाराशर ने जिले की जनता जनार्दन और पार्टी के सभी नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि शानदार निर्वाचन के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं, यही भारतीय जनता पार्टी की खूबसूरती है कि बिना किसी शोर शरावे के बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष तक का निर्वाचन संपन्न हुआ। इसके लिए निर्वाचन कार्य में लगी पूरी टीम का में अभिनंदन करता हूं।

### लगा रहा बधाइयो का तांता

बीते रात करीब 9 बजे के आसपास भाजपा जिला अध्यक्ष के रूप में एक बार पुनः देव कुमार सिंह चौहान के नाम की घोषणा होते ही पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और आम जनों का उनके निज निवास पहुंचकर बधाइयां देने का तांता लगा रहा। सभी ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर, पटाखे और शानदार आतिशबाजी के साथ, गाजे बाजे, फुल मालों एवं गुलदस्तों के साथ नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान का अभिनंदन करने के लिए आतुर दिखे।

# सीईओ जिला पंचायत ने कुसमी में की नलजल योजना की समीक्षा

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा बुधवार को जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत चयनित सिंगल विलेज नल जल योजना के तहत करैल भुईमाड़, केसलार गैवता आदि पंचायत के नल जल योजना की समीक्षा की गई। उन्होंने पंचायत के सचिवों को निर्देशित किया है कि जब तक हर-घर में नल कनेक्शन व पानी की सप्लाई न पहुंचने लगे तब तक कोई भी पंचायत नल जल योजना का हैंडओवर नहीं लेगी।



जनपद में समीक्षा उपरांत जिला पंचायत सीईओ द्वारा अमृत सरोवर के लिए चयनित तालाबों के स्थल निरीक्षण हेतु रौहाल, आमगांव थाड़ीपत्थर गुडुआधार एवं टमसार में ड्रेनेज लाइन के माध्यम से स्थल पर ही मैप के द्वारा साइट चयन करना सिखाया गया। साथ ही वाटरशेड के द्वारा चयनित थाड़ीपत्थर एवं गुडुआधार में स्थल परिवर्तन करने के निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत कुसमी के सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा, जिला परियोजना अधिकारी दीपक अहिरवार, जनपद के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजय द्विवेदी, वाटरशेड की टीम, एनआरएलएम की टीम तथा पंचायत के सरपंच, सचिव तथा रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# वृद्ध बंदियों को गर्म कपड़े का किया गया वितरण

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिला प्रशासन जनभागीदारी से नई पहल करते हुए जिला जेल सीधी में परिरूद्ध 25 वृद्ध बंदियों को गर्म कपड़े (इनर, टोपी, मोजे) का वितरण किया गया। साथ ही जिला जेल सीधी के भ्रमण के दौरान प्रति गुरूवार जेल में किये जा रहे श्रीमद्भागवत गीता पाठ एवं साफ-सफाई, पाठशाला व्यवस्था को बेहतर किये जाने एवं परिरूद्ध बंदियों को जीवन में सुधार लाये जाने की समझाइस दी गयी।



# स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को

## पात्र हितग्राहियों को भूमिस्वामी अधिकार अभिलेख का होगा वितरण

सीधी

अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 18.01.2025 को आयोजित है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी द्वारा विडियो कांफ्रेस के माध्यम से सम्पूर्ण देश से चयनित स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात करेंगे, साथ ही इलेक्ट्रानिक माध्यम अधिकार अभिलेख का वितरण किया जाना है। उक्त योजना के अंतर्गत सभी तहसीलों में पात्र हितग्राहियों को भूमिस्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण सांसद, विधायक, जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक किया जाना है।

उन्होने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी, समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया है कि उक्त कार्यक्रम जिला स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाना है, कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिला स्तरीय कार्यक्रम का लाइव वेबकास्ट भी केन्द्रीय स्तरीय कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जावेगा। स्वामित्व योजना अंतर्गत दिनांक 12.03.2024 के उपरांत निराकृत प्रकरणों में पात्र हितग्राहियों को वितरित किये जाने वाले अधिकार अभिलेख भू-लेख पोर्टल पर तहसीलदार लोगिन में उपलब्ध कराए गये हैं। अधिकार अभिलेख की प्रतियां डाउनलोड कर हितग्राहियों को रंगीन प्रति वितरित करना सुनिश्चित किया जाए।

# मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का ज्ञापन कार्यक्रम संपन्न

**सीधी।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा महासंघ जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष चित्र सेन गौतम के द्वारा बताया गया की प्रांतीय निकाय के आह्वान पर एवं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 14 जनवरी 2025 को ज्ञापन का कार्यक्रम संपन्न हुआ ज्ञापन कलेक्टर महोदय सीधी के प्रतिनिधि तहसीलदार गोपदबना स को दिया गया ज्ञापन देने में मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक राम शाखा गौतम राकेश जयसवाल नंदकुमार मिश्रा तथा महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती शांति बंसल श्रीमती सुरभि त्रिवेदी श्रीमती अली अम्मा दी श्रीमती



अरुणा शुक्ला संयुक्त मोर्चा के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती वर्षा गौतम पेंशनर एसोसिएशन संघ के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्रीमती किरण शुक्ला आंगनबाड़ी संघ के अध्यक्ष श्रीमती रानी द्विवेदी कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा लघु वेतन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्रवण मिश्रा अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग संघ के अध्यक्ष श्री श्री राम सोनी न्यायिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा पशु चिकित्सक संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार बहेलिया मोर्चा के सचिव अजय सिंह मंटू तहसील गोपट बनास के सचिव शिवेंद्र सिंह अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पटेल ब्लॉक सिहावल के सचिव पवन सिंह लघु वेतन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष सुनील शुक्ला राजा प्रसाद मिश्रा वीरेंद्र सिंह मुनिराज पटेल सचिव रामकुमार पानी का रामबली सिंह राज्य कर्मचारी संघ के संगठन सचिव अखिलेश्वर पांडे शशांक द्विवेदी कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष विनय मिश्रा महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी संघ के अध्यक्ष शिवानंद दुबे वित्त सेवा संघ के अध्यक्ष श्रीमती ममता रानी राय आदि के विशेष उपस्थिति रही संगठन के संरक्षक एवं अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग संघ के संभागीय अध्यक्ष राकेश जायसवाल के द्वारा मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी में शामिल सहयोगी संगठन के पदाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया गया तथा द्वितीय चरण में विधायक के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय को ज्ञापन देने की कार्यवाही दिनांक 24 जनवरी 2025 को समय 12:00 बजे दोपहर उनके निवास में पहुंचकर साल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से सम्मानित करते हुए कार्यवाही करने में सहयोग करने की अपील की गई है।

# पटवारियो व भू-माफियाओं के खिलाफ शिवसेना ने सौंपा पत्र

**सीधी।** शिवसेना इकाई ने प्रॉपर्टी डीलिंग व सीमांकन नामांतरण के नाम पर अवैध वसूली करने वाले व प्रॉपर्टी डीलिंग करने वाले पटवारीयो के व अवैध नियम विरुद्ध प्लाटिंग का कार्य करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर व नायब तहसीलदार को पत्र सौंपा। उस बीच शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा जिले में लगातार भू.माफिया व पटवारी बने भू.माफिया की संख्या बढ़ती जा रही जिससे गरीब आम जनता काफी पीड़ित और परेशान है जिले



के जमीनी राजस्व अधिकारी हल्का पटवारी इस समय सिर्फ अपनी नैतिक जिम्मेदारियां से कोसों दूर होकर प्रॉपर्टी डीलिंग करने में मदमस्त रहते हैं। वहीं नामांतरण सीमांकन जैसे अनेकों कार्य के नाम पर मनचाहा अवैध वसूली आम गरीब जनता से कर रहे हैं। ऐसे में पीड़ित परिवार कभी न्याय नहीं पता और एक दिन पता चलता है कि उसकी जमीन भी गायब हो गई किसी माफिया द्वारा उसे अवैध कब्जा कर लिया गया ऐसे में कई पीड़ित किसान मजदूर ने आत्महत्या तक कर ली एक ही जमीन को कई बार भूमाफियाओं ने रजिस्ट्री कराई यहां तक की रजिस्ट्रार तक भूमि क्रय विक्रय कराने में एक बड़ा सहयोग होता है और ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की वजह से भू माफियाओं की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही अवैध तरीके से जगह.जगह पर प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा नियम विरुद्ध तरीके से जमीनों का लेआउट बनाया जा रहा मनचाहा जनता से अवैध वसूली की जा रही वहीं जमीन में कब्जा दिलाने में स्थानीय पुलिस का भी एक बड़ा सहयोग रहता है। इस बीच ज्ञापन पत्र में शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेयए संभाग उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्माए जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोलेए जिला मंत्री सुनील रावतए नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान मुन्नाए नगर सहसंयोजक राजन मिश्राए युवा जिला संयोजक आकाश परांडेए राजीव मिश्राए रामपाल सिंहए रामकुमार विश्वकर्माए चाठीलाल विश्वकर्मा सहित कई शिव सैनिक मौजूद रहे।

# हैण्डपम्प पाकर फूलबाई बैगा के खुशी का ठिकाना न रहा

**सीधी।** सुशासन सप्ताह के दौरान जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान का संचालन किया गया। अभियान के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज द्वारा जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायत केशलार के ग्राम घोरबँधा में प्रधानमंत्री जनमन के हितग्राहियों के बीच बैगा बस्ती में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। चौपाल के दौरान वहां के स्थनीय बैगा जनजाति के निवासियों के बीच पेयजल की समस्या से अवगत कराया गया। समस्या को बड़ी संवेदनशीलता से लेते हुए सीईओ जिला पंचायत द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को तत्काल एक हैण्डपम्प उत्खनन का निर्देश दिया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा बैगा बस्ती के बीच हैण्डपम्प का उतखनन किया गया। हैण्डपम्प उत्खनन से ग्रामीण जनों में उत्साह का माहौल है और स्थानीय निवासी फूलबाई बैगा, हीरालाल बैगा, दलबीर बैगा आदि ने संवेदनशील पहल के लिए शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# निजी जमीन का सीमांकन न होने से भू-स्वामी में नाराजगी

**सीधी।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 में स्थित दो कमरे का मकान एवं पंप हाउस सहित तार की बाउंड्री अवैध तरीके से गिराए जाने को लेकर अब विरोध का स्वर भी उठने लगा है। इस संबंध में भू.स्वामी शिवलाल कुशवाहा द्वारा भू.स्वामी एवं नगर पालिका के खिलाफ तमाम शिकायतें भी कर चुके हैं।



इस संबंध में जानकारी देते हुए शिवलाल कुशवाहा उर्फ मुक्कू मिस्त्री ने बताया कि ग्राम जमोड़ी तहसील गोपद बनास अंतर्गत निवासरत हूं। वर्ष 1999 में राजबहोरन सिंह से आराजी नंबर 102 की जमीन क्रय किया था। जिस पर मेरे द्वारा खेती करने के लिए ट्यूबवेल एवं पंप हाउस व दो कमरे का मकान निर्मित किया गया था। वहीं मकान के चारों ओर तार की बाउंड्री बनाने सहित विद्युत कनेक्शन लेकर उस पर काबिज हुआ था। उक्त जमीन के सीमांकन हेतु 17 अप्रैल 2023 को तहसीलदार गोपदबनास के यहां आवेदन दिया। जिसकी ऑनलाईन रसीद भी संलग्न है। किंतु हल्का पटवारी द्वारा आज तक मौके स्थल पर न जाकर मौखिक रूप से सीमांकन कर चौहद्दी निर्धारित कर दिया गया जो एकदम से गलत व काल्पनिक है। जिसे हमारी जमीन को नगर पालिका द्वारा क्षतिग्रस्त कर गिरा दिया गया है। जिससे करीब 5 लाख रुपए का नुकसान भी हुआ है। इस संबंध में शिवलाल द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच कराने एवं मकान सहित पंप हाउस गिराने सहित हुई नुकसानी की मांग की गई है। इस संबंध में शिवलाल कुशवाहा मुक्कू मिस्त्री ने कहा कि हम एक गरीब परिवार के हैं। किसी तरह परिवार को पालते हुए पंप हाउस एवं दो कमरे का मकान बनवाए थे। वह भी नगर पालिका द्वारा गिरा दिया गया। जो कि नियम के विपरीत है। इससे पहले भी राजस्व अमले सहित तमाम शिकायतें कर चुके हैं लेकिन मेरी बात नहीं सुनी गई। ऐसे में मेरे साथ निष्पक्ष कार्यवाही हो एवं सीमांकन के बाद जो सही निर्णय हो उस पर कार्यवाही कराया जाए।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भावना का हुआ चयन

**सीधी।** दतिया मे हुई राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की वजह से सीधी की बेटी भावना वर्मा का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम मे लगातार दूसरी बार चयन हुआ है। जानकारी दे दे की भावना वर्मा दतिया मे संपन्न राज्य स्तरीय शालेय नं 19 क्रिकेट प्रतियोगिता मे रीवा संभाग टीम की कप्तान थीं स राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे हुनर दिखाने वाली भावना वर्मा पिता नवीनशंकर वर्मा माता अरुणा वर्मा की पुत्री है। भावना वर्मा शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय सीधी क्रण् 1 मे 12वी की छात्रा है। भावना ने क्रिकेट कैरियर की शुरुआत क्लास 7 मे रहते हुए सन 2019.20 से की थीं। इसी सत्र से भावना राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेल रही है व लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता मे चयन हुआ है।

# श्रमिक की मौत के बाद भी जिम्मेदार नहीं कर रहे निरीक्षण

## धान खरीदी केंद्रों में अभी भी श्रमिक मवेशियों की तरह टपरे में रहने को हैं मजबूर

सीधी

श्रमिकों को दूसरे राज्यों से बुलाकर धान खरीदी की तौलाईए भराई सहित अन्य काम लिया जाता है लेकिन उन्हें रात की सुकून की नींद तक नसीब नहीं होती है। हालात यह है कि टपरे में मवेशियों की तरह श्रमिकों को झोपड़ी में रखकर रात गुजारनी पड़ती है। एक श्रमिक की मौत के बाद भी प्रशासन किसी भी खरीदी केंद्रों में निरीक्षण करना श्रमिकों की स्थिति देखना उचित नहीं समझ रहा है।

देखा जाए तो धान खरीदी केंद्रों में मनमानी का आलम तो बना ही है। हाल ही में धान खरीदी केंद्र बमुरी में बिहार के 25 वर्षीय श्रमिक की मौत झोपड़ी में आग लग जाने के कारण हो गई। वह पूरी तरह से झुलस गया था। वहीं प्रशासन नहीं पहुंचा यहां तक कि अन्य खरीदी केंद्रों में भी यही स्थितियां बनी हुई हैं। लेकिन कलेक्टर सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्था का जायजा लेना उचित नहीं समझ रहे हैं जिस वजह से खरीदी केंद्रों में मनमानी का आलम तो है ही मजदूरों के साथ भी अनदेखी की जा रही है।

जिला कलेक्टर की जिम्मेदारी बनती है कि खरीदी केंद्रों में निगरानी रखें। कहां क्या अव्यवस्था हैए मजदूरों के साथ क्या दिक्कतें हो रही हैं उनके द्वारा निरीक्षण नहीं किया जाता। जिस वजह से हालत यह है कि बमुरी में श्रमिक की मौत के बाद भी अन्य खरीदी केंद्रों में भी हालात यही है। झोपड़ी में मजदूरों को नीचे बोरियों एवं ऊपर टेंट का पतला गद्दा देकर सुलाया जाता है जो कि दिन भर मेहनत करने के बाद मजदूर सुकून की नींद तक रात में नहीं ले पाते हैं। ठंड से कराहते हुए श्रमिक परेशान होने को मजबूर हैं।

जिले के सर्रा खरीदी केंद्र में सर्वाधिक मनमानी का आलम बना हुआ है। यहां समिति प्रबंधक एवं प्रभारी द्वारा लगातार मनमानी किया जा रहा है। धान तौलाई के नाम पर मनमौजी तौल करने सहित अन्य कई शिकायतें सामने आई हैं। जिसमें कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही मानी जा सकती है। जिस वजह से ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण करना उचित नहीं समझते। जिले के कई खरीदी केंद्रों में किसान लुट रहे हैं। प्रति बोरा ढ़ाई किलो से अधिक धान की तौल एवं 5 रुपए तौलाई भी अलग से लिया जा रहा है। हालात यह है कि किसान इस ठंडी में कपकपाते हुए धान तौलाई के लिए जाते हैं लेकिन वहां भी उनके साथ नाइंसाफी हो रही है। यह हालात जिले के खरीदी केंद्र सर्राए बमुरीए अमरवाहए मझौलीए तालाए बडखराए गांधीग्राम सहित कई जगह सुनने को मिल रही है। इस मामले में नेता तो मौन साधे ही हैंए प्रशासनिक अधिकारी भी निरीक्षण करना उचित नहीं समझ रहे हैं।

## संपादकीय

### यूपी सरकार की स्वागतयोग्य पहल, बिना हेलमेट अब नहीं मिलेगा पेट्रोल

भारत में तकरीबन उनतीस फीसद हादसों में दोपहिया चालक शिकार होते हैं। इनमें कई लोगों की जान सिर्फ एक उपाय से बचाई जा सकती है कि वे हेलमेट पहन कर मोटरसाइकिल चलाएं। मगर बड़ी संख्या में ऐसे युवा होते हैं, जो मोटरसाइकिल चलाते हुए हेलमेट पहनना जरूरी नहीं समझते और नाहक ही बड़ा नुकसान उठाते हैं। सभी राज्यों में दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य है। उल्लंघन करने पर चालान और ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने जैसे प्रावधान भी हैं। मगर हैरानी की बात है कि बिना हेलमेट पहने सड़कों पर फर्राटा भरते लोगों को न तो नियम-कायदे की और न अपने प्राणों की चिंता होती है। यह विचित्र है कि लोग महंगी मोटरसाइकिल और स्कूटर तो खरीद लेते हैं, लेकिन मानक के अनुरूप हेलमेट खरीदना और पहनना जरूरी नहीं समझते। इस लिहाज से देखें तो उत्तर प्रदेश के परिवहन विभाग ने एक स्वागतयोग्य पहल की है। अब पूरे प्रदेश में हेलमेट नहीं पहनने वाले दुपहिया चालकों को पेट्रोल पंप पर ईंधन नहीं मिलेगा। इस तरह राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि लोगों की जान बचाना और सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करना उसका उद्देश्य है। हालांकि यह पहल पहले भी हुई थी, लेकिन इस बार सभी जिलों में कड़ाई से नियम को लागू करने का लक्ष्य रखा गया है। सभी वाहन चालक हेलमेट पहनें, इसके लिए जरूरी है कि समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवाओं को खासतौर पर जागरूक करने की आवश्यकता है, क्योंकि ज्यादातर जगहों पर वे ही सबसे अधिक लापरवाही करते पाए गए हैं। यह बताए जाने की जरूरत है कि हेलमेट बोझ नहीं, बल्कि जीवनरक्षक है। ज्यादातर अध्ययनों में पाया गया है कि सड़क दुर्घटना के दौरान हेलमेट पहने व्यक्ति का सिर सुरक्षित रहता है। हाथ-पैर में चोट लगने का तो उपचार किया जा सकता है, लेकिन सिर में लगी गहरी चोट जिंदगी को खतरे में डाल देती है।

## नई दिल्ली विधानसभा सीट पर फंस गए हैं केजरीवाल

# राहुल गांधी ने मदद से किया इनकार

**अरविंद केजरीवाल इस बात को काफी पहले ही समझ गए थे, इसलिए वह लगातार इंडिया गठबंधन की एकता की बात उठाने लग गए थे। यहां तक कि केजरीवाल ने डीएमके सुप्रीमो एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शरद पवार, अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं से राहुल गांधी को समझाने की गुहार भी लगाई। लेकिन अरविंद केजरीवाल की असलियत से वाकिफ राहुल गांधी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपने आप को मजबूत करने के लिए चुनाव लड़ेगी। सीलमपुर की अपनी पहली चुनावी रैली में राहुल गांधी ने जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ आप मुखिया अरविंद केजरीवाल, पर भी जमकर निशाना साधा,उससे यह साफ हो गया कि राहुल गांधी अपनी पार्टी को समाप्त कर केजरीवाल की मदद कतई नहीं करेंगे।**

(संतोष पाठक)

कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट 'नई दिल्ली' से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है।

आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल भले ही एक बार फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हो लेकिन इस बार वह बुरी तरह से फंसते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारियों ने तो आम आदमी पार्टी सरकार की वापसी पर प्रश्नचिन्ह लगा ही दिया है लेकिन इस त्रिकोणीय लड़ाई में केजरीवाल की अपनी सीट भी फंसती हुई नजर आ रही है।



अरविंद केजरीवाल इस बात को काफी पहले ही समझ गए थे, इसलिए वह लगातार इंडिया गठबंधन की एकता की बात उठाने लग गए थे। यहां तक कि केजरीवाल ने डीएमके सुप्रीमो एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शरद पवार, अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं से राहुल गांधी को समझाने की गुहार भी लगाई। लेकिन अरविंद केजरीवाल की असलियत से वाकिफ राहुल गांधी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपने आप को मजबूत करने के लिए चुनाव लड़ेगी। सीलमपुर की अपनी पहली चुनावी रैली में राहुल गांधी ने जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ आप मुखिया अरविंद केजरीवाल, पर भी जमकर निशाना साधा,उससे यह साफ हो गया कि राहुल गांधी अपनी पार्टी को समाप्त कर केजरीवाल की मदद कतई नहीं करेंगे।

कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट 'नई दिल्ली' से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है। अरविंद केजरीवाल वर्ष 2013 के अपने पहले विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हराकर, पहले विधायक बने थे और फिर कांग्रेस के ही 8 विधायकों के समर्थन से पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। बताया तो यहां तक जाता है कि 2013 में शीला दीक्षित को चुनाव हराने के लिए कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अरविंद केजरीवाल की मदद की थी। लेकिन दिल्ली में पार्टी को फिर से मजबूत बनाने के मिशन में जुटे राहुल गांधी ने इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से केजरीवाल के खिलाफ स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय और दिलचस्प बना दिया है।

अगर आप 2020 के विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को मिले वोटों की तुलना 2015 के विधानसभा चुनाव से करेंगे तो आपको यह समझ आ जाएगा कि केजरीवाल को अपनी ही विधानसभा सीट पर डर क्यों लग रहा है ? वर्ष 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप मुखिया अरविंद केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे। लेकिन वर्ष 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री होने और कुल मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी होने के बावजूद केजरीवाल को मिले वोटों में भयानक गिरावट आ गई थी। 2015 के चुनाव में जिन केजरीवाल को 57,213 वोट मिले थे, उन्ही केजरीवाल को 2020 के चुनाव में 46,758 वोट ही मिल पाए थे। पिछली बार यानी 2020 के विधानसभा चुनाव में केजरीवाल की जीत का अंतर 21,697 था लेकिन उस चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार को सिर्फ 3,220 मत ही मिल पाए थे। इस बार शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं और अगर वह आखिर तक पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ पाते हैं तो फिर केजरीवाल के लिए मुसीबतें खड़ी हो जाएगी। क्योंकि इस बार दिल्ली के एक और पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे प्रवेश वर्मा भी नई दिल्ली से चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार के तौर पर प्रवेश वर्मा और कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर संदीप दीक्षित के मजबूती से चुनाव लड़ने की वजह से वोटों का बिखराव होगा,जिसका सीधा-सीधा नुकसान अरविंद केजरीवाल को ही होगा। इसलिए आम आदमी पार्टी के तमाम नेता और स्वयं अरविंद केजरीवाल भी अंदर से डरे हुए हैं।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

**संवाद खत्म होने की बात संजय राउत दोहरा रहे हैं, उधर पवार मोदी को बुला रहे हैं**

# एमवीए में सब ठीक तो हैं ना!

**दिल्ली के बाद महाराष्ट्र में इंडिया ब्लॉक टूटने की कगार पर नजर आ रहा है। शरद पवार ने साफ कर दिया था कि ये अलायंस तो लोकसभा चुनाव के लिए बना था और लोकल इलेक्शन को लेकर इसमें कोई बात नहीं हुई थी। अगर स्थानीय निकाय के चुनाव सभी पार्टियां अलग अलग लड़ें तो कोई हैरानी की बात नहीं है। इसमें पहले उद्धव ठाकरे ने लोकल बॉडी इलेक्शन अकेले लड़ने का ऐलान किया है। वहीं शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने गठबंधन को लेकर बड़ा बयान देते हुए कह दिया कि अगर उसके सहयोगियों के बीच बातचीत बंद हो जाती है तो कोई भी गठबंधन सफल नहीं हो सकता।**

(अभिनय आकाश )

राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार के निमंत्रण के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी मराठी साहित्य महोत्सव, अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह घटनाक्रम इंडिया ब्लॉक के सदस्यों के बीच दरार के बीच आया है, जो शिवसेना (यूबीटी) द्वारा महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के अपने फैसले की घोषणा के बाद शुरू हुई थी।

दिल्ली के बाद महाराष्ट्र में इंडिया ब्लॉक टूटने की कगार पर नजर आ रहा है। शरद पवार ने साफ कर दिया था कि ये अलायंस तो लोकसभा चुनाव के लिए बना था और लोकल इलेक्शन को लेकर इसमें कोई बात नहीं हुई थी। अगर स्थानीय निकाय के चुनाव सभी पार्टियां अलग अलग लड़ें तो कोई हैरानी की बात नहीं है। इसमें पहले उद्धव ठाकरे ने लोकल बॉडी इलेक्शन अकेले लड़ने का ऐलान किया है। वहीं शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने गठबंधन को लेकर बड़ा बयान देते हुए कह दिया कि अगर उसके सहयोगियों के बीच बातचीत बंद हो जाती है तो कोई भी गठबंधन सफल नहीं हो सकता। यानी महाविकास अघाड़ी इन दिनों एकला चलो रे की राह पर चल रही है। वहीं अब खबर है कि शरद पवार ने पीएम मोदी को आमंत्रण भेजा है।




राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार के निमंत्रण के बाद प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी मराठी साहित्य महोत्सव, अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह घटनाक्रम इंडिया ब्लॉक के सदस्यों के बीच दरार के बीच आया है, जो शिवसेना (यूबीटी) द्वारा महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के अपने फैसले की घोषणा के बाद शुरू हुई थी। इससे पहले दिसंबर 2024 में शरद पवार ने दो किसानों के साथ पीएम मोदी से मुलाकात की थी और उन्हें महाराष्ट्र के अनार तोहफे में दिए थे। सूत्रों के मुताबिक, उस बैठक में प्रधानमंत्री को पवार की ओर से औपचारिक निमंत्रण दिया गया था। 98वां मराठी साहित्य सम्मेलन 21 से 23 फरवरी, 2025 के बीच दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। प्रमुख मराठी साहित्यिक कार्यक्रम के उद्घाटन के इस निमंत्रण को अनिवार्य रूप से मराठी को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के लिए केंद्र के प्रति आभार व्यक्त करने के संकेत के रूप में देखा गया था। सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने निमंत्रण में, पवार ने कहा था कि यह पहली बार है कि सम्मेलन (बैठक) दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है और याद दिलाया कि कार्यक्रम के 37 वें संस्करण का उद्घाटन पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने किया था।

इस कार्यक्रम में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, नामदार गोखले, वीडी सावरकर और काकासाहेब गाडगिल जैसी प्रमुख हस्तियों की भागीदारी देखी गई है। मोदी को लिखे पवार के पत्र में मराठी को शास्त्रीय भाषा के रूप में हाल ही में मिली मान्यता को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन करने की उपयुक्तता पर जोर दिया गया। पवार ने अपने पत्र में कहा कि इससे मराठी भाषा के प्रचार और विकास में कई लाभ होंगे।

## वर्ग पहेली 5615

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | ■ |
| 7 | | | | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | | ■ | 11 | 12 | | | |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 |
| ■ | 18 | 19 | | ■ | 20 | ■ | |
| 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 | |
| 24 | | | | | ■ | 25 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. ब्रिटेन ने इस देश को 29 अगस्त 1945 को जापान से मुक्त किया (4)
5. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
7. विवाह के पूर्व की एक रस्म (4)
8. नितांत अंतिम, छोरस्थ, पराकाष्ठात्मक (3)
10. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
11. लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपना सरगमी सफर इस फिल्म से शुरू किया (5)
13. जंगल, अरण्य, कानन (2)
14. ईर्ष्या, जलन, खुन्नस, रश्क (2)
15. भय, खौफ, दहशत (2)
16. भास्कर, दिनपति, दिवाकर (2)
18. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
22. जो रिश्ते में नाना का पिता हो (4)
24. 1948 में प्रदर्शित आग वह पहली फिल्म थी जिसमें अभिनेता के साथ-साथ निर्माता-निर्देशक के रूप में भी ये अभिनेता सामने आए (5)
25. घोड़ों द्वारा खींचकर ले जाने वाली सवारी का चलन प्राचीनकाल में था (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जल्दी-जल्दी और लंबी-लंबी सांसे लेना (3)
2. अनर्थ बोध, बदगुमानी, भ्रांत धारणा (6)
3. मालवी में प्याज को यह कहते है (2)
4. बारूद को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (6)
5. पुनरागत, लौटा हुआ, प्रतिगत, शेखर पुरोहित अलका अभिनीत 1969 की फिल्म (3)
6. दायित्व, कार्यभार, जिम्मा (5)
9. नगीना, रत्न (2)
12. दौड़ने वाला, धावक (3)
17. पूरे संसार का स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
19. मुलायम, मृदु, कोमल (3)
20. सूती धागा, रज्जू (2)
21. पुराणानुसार कामाक्षी का चौथा रूप, शब्द ब्रह्म, परमार्थ का कराने वाली विद्या (2)
22. किंतु, परंतु, पंख, डैना (2)
23. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)

### वर्ग पहेली 5614 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | वि | दा | सु | ल्ता | न | ■ | ट |
| ज | ज | ■ | ख | ■ | या | वि | का |
| त | ली | ■ | दा | य | रा | ■ | ■ |
| क | ■ | त | थ | ■ | स्ता | व | क |
| ■ | अ | ट | क | ल | ■ | न | र |
| लू | ■ | व | ■ | क्ष्य | ■ | गो | वा |
| ■ | फ | र्ती | ला | ■ | ना | च | ■ |
| जा | ट | ■ | भ | र | ता | र | ■ |

# इंसान को मशीन बनाने की भूल न करें

**एक तो पहले से ही तीव्र औद्योगीकरण व मशीनीकरण ने इंसान को काफी हद तक यांत्रिक बना दिया है, जिसके कारण वह पारिवारिक-सामाजिक संबंधों को मानवीय दृष्टिकोण से देखने के बजाय यांत्रिक व पैसों की नजर से देखने लगा है। ऊपर से यदि उसे और भी दफ्तर का गुलाम बना देंगे, तो वह पशु समान हो जाएगा, क्योंकि वह मूल्य, विचार, भावना, प्यार, सहयोग आदि से अलग हो जाएगा और मशीन सा व्यवहार करने लगेगा, जो मानव समाज के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है।**

(हर्षवर्द्धन कुमार)

एस एन सुब्रह्मण्यन ने बड़ा ही अटपटा बयान दिया। उस बयान का विरोध वाजिब है। आखिर इंसान कोई मशीन नहीं होता। उसके पास नौकरी के अलावा भी कई तरह के अन्य काम होते हैं। उस पर परिवार और समाज के दायित्व होतें हैं। बच्चों की देख-रेख और उनका पालन-पोषण भी उसके कर्तव्य का हिस्सा हैं। एक तो पहले से ही तीव्र औद्योगीकरण व मशीनीकरण ने इंसान को काफी हद तक यांत्रिक बना दिया है, जिसके कारण वह पारिवारिक-सामाजिक संबंधों को मानवीय दृष्टिकोण से देखने के बजाय यांत्रिक व पैसों की नजर से देखने लगा है। ऊपर से यदि उसे और भी दफ्तर का गुलाम बना देंगे, तो वह पशु समान हो जाएगा, क्योंकि वह मूल्य, विचार, भावना, प्यार, सहयोग आदि से अलग हो जाएगा और मशीन सा व्यवहार करने लगेगा, जो मानव समाज के लिए बहुत घातक साबित हो सकता है।

निस्संदेह, पूंजी और श्रम के इतिहास का यह एक ऐसा विषय है, जो पूरी संवेदना की मांग करता है, लेकिन काम के घंटों की चर्चा में मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य की चिंता भी शामिल होनी चाहिए और इसके लिए सुब्रह्मण्यन और नारायण मूर्ति जैसे दिग्गजों को अपने कर्मियों की सैलरी एवं सुख-सुविधाओं का भी ध्यान रखना चाहिए। हकीकत यह है कि औसत भारतीयों की मासिक कमाई 20 हजार रुपये से भी कम है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और भाग?य आपका साथ देगा। आपकी सभी महत्वाकांक्षाएं पूर्ण होंगी और आपको किस?मत का भी साथ मिलेगा। यात्रा सामान्य रूप से लाभप्रद होगी और आपकी तरक?की होने से मन में प्रसन?नता रहेगी।

### वृष

आज दिन सावधानी से भरा होगा। कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। लेकिन आपकी कार्यशैली से आप सब कुछ अपने कंट्रोल में कर लेंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। घर गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा।

### मिथुन

आज सफलता प्राप?त होगी और आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ऋण भार में कमी होगी। संतान पक्ष से आपको पूर्ण सुख और सहयोग प्राप्त होगा।

### कर्क

आज लाभ का दिन है और कारोबार में आपको मनचाहा लाभ होने से आपको खुशी होगी। जीवनसाथी के साथ मिलकर कोई कारोबार या फिर व?यापार आप सकते हैं। सहयोग मिलेगा। अच?छे कर्म में आपकी रुचि बनी रहेगी

### सिंह

आज दिन मिश्रित फलकारक है और आपका दिन काफी दौड़भाग और व्यस?तता में बीतेगा। समाज में आपके लिए स्वच्छ छवि का निर्माण होगा और आपके रोजाना के कार्य में आपको लाभ होगा। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी धन संपत्ति में वृद्धि होगी। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कारोबार में आपका मुनाफा काफी शानदार होगा। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### तुला

आज भाग?य का साथ मिलेगा और आपके सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके लिए तरक?की के योग बन रहे हैं और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आपको हर मामले में जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

आज दिन लाभ से भरा है और आज आपका दिन परोपकार करने में बीतेगा। दूसरों की मदद करने से आपको आत?मसंतुष्टि का अनुभव होगा। आपकी किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

### धनु

आज करियर को लेकर काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

### मकर

आज लाभ के योग हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से हर्ष होगा और आपके लिए तरक्की के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी और आप अपने सभी कार्य बहुत ईमानदारी के साथ करेंगे।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके धन सम?मान में वृद्धि होने से मन में काफी प्रसन?नता का भाव रहेगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में अचानक से आपके हाथ में रुपया आने से आपको खुशी होगी। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चला आ रहा विवाद खत?म होगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार की मदद प्राप?त होगी। जिन लोगों ने अभी अपने करियर का आरंभ किया है उनका दिन सफलता से भरा होगा। आपको अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को विधानसभा चुनाव नामांकन के लिए तिहाड़ जेल से रिहा किया गया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के वास्ते बृहस्पतिवार को सुबह तिहाड़ जेल से रिहा किया गया। जेल के सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय ने हुसैन को हिरासत में पैरोल दी है। एक सूत्र ने बताया, ''उन्हें दिल्ली पुलिस की कड़ी सुरक्षा में जेल से रिहा किया गया। वह सुबह करीब सवा नौ बो जेल से बाहर आए।'' आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद हुसैन को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हुसैन को नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए मंगलवार को दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में हिरासत में पैरोल दी। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 24 फरवरी, 2020 को हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और कई घायल हो गए थे।

### दिल्ली में देर रात हुई बारिश वायु गुणवत्ता बहुत खराब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार रात बारिश हुई और मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को भी वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार बुधवार रात करीब 11.30 बजे दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश शुरू हो गई और रात 11.30 से सुबह 5.30 बजे के बीच दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र में 3.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। अन्य मौसम केंद्रों की बात करें तो पालम में 8.6 मिलीमीटर, पूसा में 7.5 मिलीमीटर और मयूर विहार में 4 मिलीमीटर बारिश हुई। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक मापा गया जो 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं वायु गुणवत्ता 336 दर्ज की गई जो बहुत खराब श्रेणी में रही। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को आसमान में बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

### मणिपुर के चुराचांदपुर में अवैध अफीम की खेती नष्ट की गई

**चुराचांदपुर, एजेंसी।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 4.8 एकड़ क्षेत्र में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि असम राइफल्स, वन विभाग, पुलिस और कार्यकारी मजिस्ट्रेट की संयुक्त टीम ने बुधवार को सांगईकोट थाना क्षेत्र में हाओपी मोलेन पहाड़ी पर अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान अफीम की छह पुड़िया भी जब्त की गई। उसने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और अवैध अफीम की खेती में शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, आज बेंगलुरु में खुलेगा अमेरिकी वाणिज्य दूतावास

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की लंबे समय से चली आ रही मांग 17 जनवरी को हकीकत बन जाएगी। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस संबंध में घोषणा की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरे प्यारे बेंगलुरु, यह आधिकारिक घोषणा है। 17 जनवरी को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास खुल रहा है। उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर की सराहना की। आभार व्यक्त करते हुए 34 वर्षीय सांसद ने जयशंकर को मैसूर पाक भेजा। सूर्या ने कहा, ''यह केवल और केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के प्रयासों के कारण संभव हुआ है। हमारे विदेश मंत्री को धन्यवाद देने के लिए हमारे अपने मैसूर पाक को भेजने के अलावा कोई और बेहतर तरीका क्या हो सकता है!'' बिना परेशानी के वीजा हासिल करने के लिए बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास की मांग लंबे समय से की जाती रही है। अब तक, लोग अमेरिकी वीजा के लिए चेन्नई या हैदराबाद जाते रहे हैं।

### शुभेंदु अधिकारी ने महिला की मौत पर ममता की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग की

**कोलकाता , एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के एक सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर समयावधि बीत जाने के बाद इस्तेमाल किये गये 'इंट्रावेनस फ्लूइड' के कारण प्रसव के बाद एक महिला की मौत के मामले में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग की। यहां स्वास्थ्य भवन में भाजपा विधायकों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते तृणमूल प्रमुख आरोपों से खुद को मुक्त नहीं कर सकतीं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

# 2 से अधिक बच्चे वाले नेता ही लड़ पाएंगे चुनाव कानून बनाने की तैयारी में आंध्र प्रदेश सरकार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि केवल ऐसे नेता ही पंचायत और नगरपालिका चुनावों में भाग ले सकेंगे जिनके दो से अधिक बच्चे हों। हाल ही में आंध्र प्रदेश की विधानसभा द्वारा तीन दशक पुरानी उस कानून को रद्द कर दिया गया जिसमें दो बच्चों से अधिक वाले व्यक्तियों को स्थानीय निकाय चुनावों में भाग लेने से रोका गया था। आपको बता दे कि चंद्रबाबू नायडू के लिए यह कोई नई बात नहीं है। करीब एक दशक से वह इसकी वकालत कर रहे हैं। उनका मानना है कि तेलुगू परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की समस्या का समाधान किया जा सके। पिछले साल उन्होंने अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया था।

चंद्रबाबू नायडू के इस बयान के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी इस विचार को साझा करते हुए लोगों से अधिक बच्चों को जन्म देने की अपील की थी। चंद्रबाबू नायडू मंगलवार को अपने गृह नगर नरवरिपल्ले में मकर संक्रांति के अवसर पर अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ थे। उन्होंने कहा, पहले हमारे पास एक कानून था, जो केवल दो बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय और नगरपालिका चुनावों में भाग लेने की अनुमति देता था। अब मैं कहता हूं कि जिनके पास कम बच्चे होंगे वे चुनावों में भाग नहीं ले सकेंगे। भविष्य में आप सरपंच, नगरपालिका पार्षद या मेयर तब बन सकेंगे जब आपके पास दो से अधिक बच्चे होंगे। मैं इसे प्रस्तावित नियमों में शामिल करने जा रहा हूं।

आपको बता दें कि दो बच्चों की नीति दक्षिण भारतीय राज्यों में सामान्य रूप से पालन की जाती रही है। यह बात इन राज्यों के कुल प्रजनन दर से स्पष्ट है, जो कि 1.73 है। जबकि राष्ट्रीय औसत 2.1 है। वहीं, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान और झारखंड जैसे बड़े राज्यों का प्रजनन दर 2.4 है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। चंद्रबाबू नायडू ने यह भी कहा कि वह अधिक बच्चों वाले परिवारों को प्रोत्साहन देने के लिए एक योजना पर काम कर रहे हैं, जिसमें उन्हें पंचायत और नगरपालिका चुनावों में भाग लेने की अनुमति देने के अलावा अधिक सब्सिडी वाले चावल की आपूर्ति भी की जाएगी। वर्तमान में प्रत्येक परिवार को 25 किलो चावल दिया जाता है, जिसमें प्रत्येक सदस्य को 5 किलो चावल मिलते हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जापान, कोरिया और कई यूरोपीय देशों ने परिवार नियोजन नीति को प्रोत्साहित किया है क्योंकि वहां का कुल प्रजनन दर बहुत कम है। ये देश आज बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की समस्या से जूझ रहे हैं और भारतीयों को अपने देशों में बसने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए भी एक चेतावनी है, क्योंकि हमने परिवार नियोजन को प्रोत्साहित किया है और परिवारों को सीमित संख्या में बच्चों तक सीमित करने की सलाह दी है। कुछ वर्षों में भारत भी बुजुर्गों की बढ़ती संख्या की समस्या का सामना करेगा और उस समय हमारे पास बहुत कम विकल्प होंगे।

## काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का ऐलान, 15-24 फरवरी तक होगा आयोजित



**काशी, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को घोषणा की कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर केंद्रित कार्यक्रम 'काशी तमिल संगमम' का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। प्रधान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के दो सबसे महत्वपूर्ण और प्राचीन शिक्षण केंद्रों तमिलनाडु और काशी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाना और उसकी पुनः पुष्टि करना है।

दस दिवसीय यह कार्यक्रम 15 फरवरी से शुरू होगा। काशी तमिल संगमम का महीने भर चलने वाले पहला संस्करण 2022 में आयोजित किया गया था। दूसरा संस्करण 2023 में 17 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास और काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) कार्यक्रम के लिए दो कार्यान्वयन एजेंसियां ??हैं। इस वर्ष, सरकार ने तमिलनाडु से लगभग 1,000 प्रतिनिधियों को बुलाने का फैसला किया है। इनमें छात्र, शिक्षक और लेखक; किसान और कारीगर; पेशेवर और छोटे उद्यमी; महिलाएं (स्वयं-सहायता समूह, मुद्रा ऋण लाभार्थी, डीबीएचपीएस प्रचारक); स्टार्ट-अप, नवोन्मेष, शिक्षा प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से प्रतिभागी शामिल होंगे। विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत तमिल मूल के लगभग 200 छात्रों का एक अतिरिक्त समूह काशी और तमिलनाडु के बीच संबंधों को जीवंत करने के लिए इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेगा। आईआईटी-मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि ने कहा, तमिलनाडु से कुल 1,000 प्रतिभागी, बराबर संख्या के पांच समूहों में विभाजित होकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वे छात्र, शिक्षक, किसान, कारीगर, पेशेवर और छोटे उद्यमियों के अलावा महिलाओं और शोधकर्ताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से होंगे।

## गौरव भाटिया का तंज, चुनाव हार रहे केजरीवाल, ध्यान भटकाने की अपना रहे रणनीति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने बुधवार को कहा कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए ध्यान भटकाने वाली रणनीति का सहारा ले रहे हैं, जिसमें उनके कई दावों का हवाला दिया गया है, जिसमें दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की संभावित गिरफ्तारी और भाजपा द्वारा रमेश बिधूड़ी को अपना सीएम उम्मीदवार घोषित करना शामिल है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने विश्वसनीय सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि केजरीवाल विपक्ष के नेता के लिए अमानतुल्ला खान और नरेश बालियान पर विचार कर रहे हैं क्योंकि भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनाव में बहुमत मिलना तय है। गौरव भाटिया ने कहा कि ये स्पष्ट होता जा रहा है कि आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल भारत विरोधी गतिविधियों में अक्सर उन शक्तियों के साथ खड़े रहते हैं, जो भारत को कमजोर करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल प्रेस वार्ता करके कहते हैं, विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि मनीष सिसोदिया के घर अगले कुछ दिनों में रेड होगी। तो वहीं दूसरी प्रेस वार्ता कर कहते हैं कि भाजपा से रमेश बिधूड़ी दिल्ली के मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे।

# जिस शराब नीति में जेल गए केजरीवाल, उसे फिर दिल्ली में लाना चाहती हैं आतिशी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनी तो उस शराब नीति को दोबारा लागू किया जा सकता है, जिसमें ग्राहकों को एक पर एक बोतल फ्री जैसी स्कीम मिली और घोटाले के आरोपों को लेकर अरविंद केजरीवाल को जेल जाना पड़ा। खुद मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना ने इसको लेकर साफ संकेत दिए हैं। आतिशी ने उस शराब नीति की तारीफ करते हुए कहा है कि कई राज्यों ने इसे अपनाया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री से टीवी9 के एक इंटरव्यू में सवाल किया गया कि क्या दिल्ली में आप की शराब नीति फिर से लागू होनी चाहिए? आतिशी ने इसका जवाब हां में दिया। उन्होंने कहा, बिल्कुल होनी चाहिए। उस नीति को कई राज्यों ने लागू किया। उससे राज्यों का राजस्व बहुत ज्यादा बढ़ा भी। आवंटन में पारदर्शिता बढ़ी। एंकर ने इसे और साफ करते हुए पूछा कि आप कह रही हैं कि जो नीति विवादों में थी उसे फिर लागू करेंगे? आतिशी ने हां की मुद्रा में गर्दन हिलाते हुए कहा, 'वह नीति बेहतर नीति है।'

2021-22 में लागू की गई इस 'नई शराब नीति' में घोटाले का आरोप है। सीबीआई और ईडी इसकी जांच कर रही है। यह वही शराब नीति है जिसकी वजह से खुद अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और विजय नायर को जेल जाना पड़ा। महीनों तक जेल में रहने के बाद सभी नेता जमानत पर रिहा हुए। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दावा है कि इस शराब नीति के जरिए कारोबारियों को गलत तरीके से अधिक फायदा पहुंचाया गया और बदले में रिश्वत ली गई। हालांकि, दिल्ली सरकार और



आम आदमी पार्टी आरोपों को सिरे से खारिज करती रही है। इस शराब नीति पर जांच बैठने के बाद दिल्ली सरकार ने इसे वापस ले लिया था।

**आतिशी की बात को भाजपा ने लपका, केजरीवाल से मांगी सफाई :** आतिशी के ताजा बयान के बाद भाजपा को एक बार फिर हमलावर होने का मौका मिल गया है। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने एएनआई से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल को इस पर सफाई देनी चाहिए। उन्होंने कहा, आतिशी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि उन्हें सत्ता मिली तो उस शराब नीति को दोबारा लागू करेंगी जिसकी वजह से अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जेल गए। आप सोचिए जरा जिस नई शराब नीति के हजारों करोड़ों रुपए के घोटाले हुए, ब्लैकमार्केटिंग हुई, मोटा रकम लेकर ऐसे लोगों को ठेका दिया जिन्हें नहीं मिलना चाहिए था, गली-गली में शराब के ठेके खोले गए और दिल्ली को बार में तब्दील कर दिया गया। नीति को बिना कैबिनेट और एलजी के मंजूरी के लाई थी। बाद में सीबीआई के पास केस गया तो वापस लेना पड़ा। उसी शराब नीति की वजह से आम आदमी पार्टी जनता के सामने एक्सपोज्ड खड़ी है। उसी शराब नीति को लागू करना चाहती हैं मुख्यमंत्री आतिशी। अरविंद केजरीवाल जी को इस पर सफाई देनी चाहिए कि वह पूरी दिल्ली को कार-ओ-बार, मतलब बार में बदलना चाहते हैं और अपने काले धंधे का कारोबार चालना चाहते हैं, इस पर अरविंद केजरीवाल को सफाई देनी चाहिए।

## महाकुंभ में अब दिखें 'कांटे वाले बाबा, 50 सालों से कांटों पर क्यों कर रहे हैं तपस्या?



**प्रयागराज, एजेंसी।** संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ के बीच करोड़ों श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ है। यहां आस्था के अलग-अलग अनोखे रूप भी दिख रहे हैं। स्प्लेंडर बाबा से लेकर आईआईटीयन बाबा तक इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस बीच अब कांटे वाले बाबा इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहे हैं। इनका नाम रमेश कुमार मांझी है और साधना करने के अपने अनोखे अंदाज की वजह से यह महाकुंभ में आकर्षण का केंद्र बन गए हैं। यह बाबा कांटों के सेज पर ही साधना करते हैं और इसीलिए इन्हें कांटे वाले बाबा का नाम दिया गया है। वह पिछले 50 सालों से हर साल यह साधना करते हैं और उनका कहना है कि इन कांटों से उनको नुकसान नहीं पहुंचता है। पूछे जाने पर वह कहते हैं, मैं गुरु की सेवा करता हूं। गुरु ने हमें ज्ञान दिया, आशीर्वाद दिया। यह सब भगवान की महिमा है जो मुझे ऐसा करने में मदद करती है। मैं पिछले 40-50 सालों से हर साल ऐसा करता आ रहा हूं। बाबा के मुताबिक वह उज्जैन, हरिद्वार, नासिक और गंगासागर भी जाते हैं। वह कहते हैं कि कांटों पर लेटने से उन्हें फायदे भी होते हैं। कांटे वाले बाबा ने बताया, मैं ऐसा इसलिए करता हूं क्योंकि इससे मेरे शरीर को लाभ होता है। इससे मुझे कभी कोई तकलीफ नहीं होती। वह कहते हैं, मुझे दिन भर में हजार रुपए मिल जाते हैं। जो दक्षिणा मिलेगी उसका आधा हिस्सा मैं जन्माष्टमी में दान कर दूंगा और बाकी से अपना खर्चा पानी निकालूंगा। इस बीच बुधवार शाम को प्रयागराज के अरैल टेंट सिटी में 10 देशों का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल आज संगम तट पर पवित्र स्नान करेगा। इस समूह में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि शामिल हैं। अपनी यात्रा के दौरान यह प्रतिनिधिमंडल प्रयागराज की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जानने के लिए हेरिटेज वॉक में भी हिस्सा लेगा। 13 जनवरी से शुरू हुआ यह महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

## अब संत तिरुवल्लुवर के चित्र पर छिड़ा नया विवाद गवर्नर के खिलाफ कांग्रेस ने क्यों खोला मोर्चा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के गवर्नर आरएन रवि ने बुधवार को संत कवि एवं दार्शनिक तिरुवल्लुवर की जयंती के मौके पर भगवा पृष्ठभूमि वाले उनके एक चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे वहां सियासी विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई ने भगवा पृष्ठभूमि में तिरुवल्लुवर के चित्रण को अस्वीकार्य बताया है और केंद्र सरकार से रवि को राज्यपाल पद से तत्काल हटाने की मांग की है। रवि ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में तिरुक्कुरल (राजनीति, प्रेम, नैतिकता और अर्थशास्त्र से संबंधित विषयों पर दोहों का संग्रह है) को विरासत में देने के लिए तिरुवल्लुवर की तारीफ की और इस काव्य रचना को अद्वितीय ज्ञान के भंडार और अतुलनीय मार्गदर्शक के रूप में सराहा। संत कवि एवं दार्शनिक तिरुवल्लुवर के सम्मान में तमिल महीने 'थाई' के दूसरे दिन को तिरुवल्लुवर दिवस के रूप में मनाया जाता है। चेन्नई में राज भवन परिसर में रवि ने तिरुवल्लुवर के एक चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की, जिसमें उन्हें भगवा पृष्ठभूमि में रुद्राक्ष की माला, विभूति और कुमकुम जैसे धार्मिक चिह्नों के साथ दिखाया गया है। तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागई ने भगवा पृष्ठभूमि में तिरुवल्लुवर के चित्रण को 'अस्वीकार्य' करार दिया। उन्होंने कहा कि तिरुवल्लुवर के ऐसे चित्र का उपयोग



करना, जिससे धार्मिक झुकाव प्रदर्शित होता हो और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चित्र का इस्तेमाल नहीं करना कानून के खिलाफ है। सेल्वापेरुन्थागई ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, यह निंदनीय और अफसोसजनक है कि राज्यपाल ऐसा कर रहे हैं, जबकि कानून को बनाए रखना उनका कर्तव्य है। केंद्र सरकार को रवि को राज्यपाल पद से हटा देना चाहिए, क्योंकि वह न केवल तमिलनाडु सरकार का, बल्कि तमिल जाति और तिरुवल्लुवर का भी लगातार अपमान कर रहे हैं। रवि ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, भारत के तमिल संरक्षक संत तिरुवल्लुवर को राष्ट्र अत्यंत कृतज्ञता और अत्यंत श्रद्धा के साथ याद करता है।

# शराब घोटाले में गिरफ्तारी पर बोले कवासी - मैं अनपढ़ हूं, नहीं पता किस पर किए हस्ताक्षर

**रायपुर, एजेंसी।** भूपेश बघेल कैबिनेट में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें रायपुर की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 21 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया। कोंटा से छह बार विधायक रहे 67 साल के लखमा पर 2,161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले का आरोप है। यह घोटाला कथित तौर पर 2019 से 2023 के बीच हुआ था, जब वे बघेल मंत्रिमंडल का हिस्सा थे।

**ईडी को मिली 6 दिन की हिरासत:** रायपुर में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष अदालत में लखमा को पेश करते हुए ईडी ने दावा किया कि पूर्व मंत्री को कथित घोटाले से 72 करोड़ रुपये मिले। उन्होंने उस पैसे का कुछ हिस्सा कांग्रेस कार्यालय और अपने बेटे हरीश के लिए सुकमा में घर बनाने में इस्तेमाल किया। ईडी ने अपने वकील सौरभ कुमार पांडे के जरिए धन के स्रोत का पता लगाने के लिए लखमा की हिरासत मांगी। लखमा के वकील फैसल रिजवी ने पुष्टि की कि कांग्रेस नेता को छह दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया गया है।



**पूर्व मंत्री और उनके बेटे के आवास पर छापेमारी:** लखमा की गिरफ्तारी ईडी द्वारा उनसे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी के एक पखवाड़े (15 दिन) से कुछ ज्यादा समय बाद हुई है, जिसमें राजधानी रायपुर में उनके आधिकारिक आवास और सुकमा में उनके बेटे हरीश के आवास पर भी शामिल था। यह मामला उन आरोपों से जुड़ा है कि एक आपराधिक गिरोह, आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत से, सरकारी शराब की दुकानों में अवैध शराब की तस्करी कर रहा था। साथ ही शराब की बिक्री से अवैध कमीशन वसूल रहा था। ईडी के अनुसार, गिरोह ने 2,161 करोड़ रुपये जमा किए हैं।

**मैं अनपढ़ हूं:** एक अखबर के अनुसार, छापेमारी के एक दिन बाद 29 दिसंबर को मीडिया से बात करते हुए पूर्व आबकारी मंत्री ने दावा किया था कि उन्हें इस घोटाले के बारे में कुछ नहीं पता। लखमा ने कहा, उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मुझे शराब घोटाले के बारे में पता है। मैंने कहा कि मैंने इसे टीवी पर देखा और अखबारों में पढ़ा, लेकिन यह मेरे संज्ञान में नहीं आया। मैं एक अनपढ़ व्यक्ति हूं। मेरे सामने जो भी कागज रखे गए, मैंने उन पर हस्ताक्षर कर दिए। उन्होंने किसपर मेरे हस्ताक्षर लिए, मुझे नहीं पता। वहीं ईडी ने अदालत को बताया कि लखमा ने घोटाले को नहीं रोका बल्कि सिंडिकेट के एक अभिन्न अंग के रूप में काम किया। एजेंसी ने कहा कि अपनी भूमिका के बदले में लखमा को 36 महीने की अवधि में कुल 72 करोड़ रुपये मिले।

डब्ल्यूपीएल:

## आरसीबी ने इंग्लैंड की ऑलराउंडर को टीम में शामिल किया, चोटिल सोफी मोलिनू की जगह लेगी



बेंगलुरु एजेंसी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए चोटिल सोफी मोलिनू की जगह बृहस्पतिवार को इंग्लैंड की ऑलराउंडर चार्ली डीन को शामिल किया।

फ्रेंचाइजी ने कहा कि मोलिनू घुटने की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के तीसरे चरण में नहीं खेल पाएंगी। डीन इंग्लैंड के लिए तीन टेस्ट और 39 वनडे के अलावा 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। वह 30 लाख रुपए में आरसीबी से जुड़ेंगी। ऑस्ट्रेलिया की मोलिनू इससे पहले घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे श्रृंखला से बाहर हो गई थीं। गत चैम्पियन आरसीबी ने पिछले चरण के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया था।

## इस खबर ने मुझे हंसाया, जसप्रीत बुमराह ने चैंपियंस ट्रॉफी के बीच बेड रेस्ट की खबरों पर तोड़ी चुप्पी



नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया है जिसमें दावा किया गया है कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उन्हें बेड रेस्ट की सलाह दी गई है। इससे पहले बुधवार को एक रिपोर्ट में बताया गया था कि बुमराह को घर पर आराम करने की सलाह दी गई है जिससे चैंपियंस ट्रॉफी में उनके भाग लेने पर संदेह पैदा हो गया है, जो 19 फरवरी से शुरू होगी।

अब तेज गेंदबाज ने इस मामले पर खुलकर बात की है और इसे फर्जी खबर करार दिया है। बुमराह ने एक्स पर पोस्ट किया, मुझे पता है कि फर्जी खबरें फैलाना आसान है, लेकिन इस खबर ने मुझे हंसाया। स्रोत अविश्वसनीय है। बुमराह को पिछले हफ्ते सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के निर्णायक पांचवें टेस्ट के दौरान चोट लग गई थी। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं की और भारत मैच के साथ ही सीरीज (1-3) भी हार गया।

बुमराह ने सीरीज का अंत 32 विकेट के साथ किया जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है, और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। कप्तान रोहित शर्मा द्वारा पर्थ में सीरीज के शुरुआती मैच को छोड़ने का फैसला करने के बाद भारत ने उनके नेतृत्व में दौरे का अपना एकमात्र मैच जीता।

## आंद्रे रसेल ने 200 की स्ट्राइक रेट से ठोके रन, मारे सिर्फ छक्के ही छक्के, टीम की जीत की लिखी बंपर स्क्रिप्ट

नईदिल्ली, एजेंसी। आंद्रे रसेल. अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी का नजारा दिखाने को वर्ल्ड फेमस हैं. और, यही काम उन्होंने फिर एक बार इंटरनेशनल लीग टी20 यानी ILT20 में किया है. ILT20 में आंद्रे रसेल अबू धाबी नाइट राइडर्स के ना सिर्फ खिलाड़ी हैं, बल्कि कप्तान भी है. और, इन दोनों ही भूमिकाओं में वो अब तक खरे उतरे हैं. पहला मुकाबला गंवाने के बाद अबू धाबी नाइट राइडर्स ने दूसरा मुकाबला शानदार अंदाज में जीता. टीम का दूसरा मैच शारजाह वॉरियर्ज से था, जिसमें उसने 30 रन की बंपर जीत दर्ज की.

इस जीत के नायक भले ही कभी धोनी-विराट के पुराने आईपीएल साथी रहे डेविड विली बने. लेकिन, इसकी बुनियाद आंद्रे रसेल ने 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर पहले ही लिख दी थी.

ऑस्ट्रेलियन ओपन:

# स्वीयाटेक तीसरे राउंड में, राडुकानू से भिड़ेंगी



मेलबर्न, एजेंसी। इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका श्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं।

स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी। स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। श्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरुआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं।

तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुजरीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई।

स्वीयाटेक 61वें नंबर की राडुकानू के खिलाफ़ अपराजित हैं, उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। उनका आखिरी मुकाबला पिछले साल स्टटगार्ट में क्ले पर हुआ था। क्वार्टर फ़ाइनल में स्वीयाटेक ने 7-6(2), 6-3 से जीत हासिल की। स्वीयाटेक ने तीसरे राउंड तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया है, और मेलबर्न के बाद सबालेंका से डब्ल्यूटीए रैंकिंग नंबर 1 को फिर से हासिल करने की उनकी कोशिश पर उनकी प्रगति का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

मेलबर्न पार्क से शीर्ष स्थान के साथ जाने का मौका तीन खिलाड़ियों के पास था- सबालेंका, स्वीयाटेक और नंबर 3 कोको गॉफ। तीसरे राउंड में जगह बनाकर स्वीयाटेक ने गॉफ के नंबर 1 पर रहने के अवसरों को समाप्त कर दिया है और सबालेंका के लिए गणना बदल दी है, जिन्हें अब शीर्ष स्थान पर बने रहने के लिए सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी।

एसए 20:

## पार्ल रॉयल्स ने मुंबई केपटाउन को 6 विकेट से हराया



पार्ल, एजेंसी। उदीयमान सितारे लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने शानदार अर्धशतक लगाया जिसकी मदद से पार्ल रॉयल्स ने एसए 20 लीग के मैच में मुंबई केपटाउन को छह विकेट से मात दी। 18 वर्ष के प्रिटोरियस ने 52 गेंद में 83 रन की पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाये ।

इसी मैदान पर पदार्पण मैच में उन्होंने 97 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 158 रन बनाए थे। प्रिटोरियस को पारी में दो जीवनदान भी मिले जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। वह एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान की शानदार फील्डिंग पर रन आउट होकर पवेलियन लौटे। रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया।

इससे पहले एमआई केपटाउन ने रासी वान डेर डुसेन के 64 गेंद में नाबाद 91 रन की मदद से मजबूत स्कोर बनाया। रीजा हेंडरिक्स ने 30 रन का योगदान दिया लेकिन मुजीबुर रहमान ने जैसे ही उन्हें आउट किया, उनकी टीम की लय टूट गई। एमआई केपटाउन इस हार के बावजूद नौ अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि रॉयल्स और जोबर्ग सुपर किंग्स आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# देवदत्त पडिक्कल ने ऋतुराज, एबी डिविलियर्स, कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा

नईदिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान नहीं किया गया है और अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति कथित तौर पर भारतीय टीम की घोषणा होने से पहले विजय हजारे ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार कर रही है, लेकिन इस टूर्नामेंट में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय सेलेक्टर्स की परेशानी बढ़ा दी है कि टीम में किसे जगह दें और किसे अभी मौका नहीं दिया जाए। विजय हजारे टूर्नामेंट में कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का प्रदर्शन भी निरंतर रहा है और उन्होंने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में लगातार सातवां अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में 238 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ओवर में ही कप्तान और इस टीम के लिए इस सीजन में रन बनाने वाले बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का विकेट गंवा दिया।

मयंक के आउट होने के बाद देवदत्त पडिक्कल ने टीम की पारी को संभालने का काम किया और 86 रन की शानदार पारी खेलते हुए अपनी टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी। उन्होंने स्मरण के



साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 128 रन की शानदार साझेदारी की और टीम की जीत में दोनों ने बड़ी भूमिका निभाई। अपनी इस पारी के दम पर देवदत्त पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में अपने 2000 रन पूरे किए और ऋतुराज गायकवाड़, माइकल बेवन, विराट कोहली और एबी डिविलियर्स जैसे खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया।

### भारतीय वनडे टीम में एंट्री का ठोका दावा

देवदत्त पडिक्कल ने लिस्ट ए क्रिकेट में 2000 रन 82.38 की औसत से बनाए हैं और लिस्ट ए क्रिकेट में कम से कम 2000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सबसे ज्यादा की औसत से रन बनाने के मामले में वो पहले नंबर पर पहुंच गए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ हैं जिनका औसत 58.16 का रहा है जबकि तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी माइकल बेवन हैं जिनका औसत (57.86) का है जबकि विराट कोहली (57.05) और एबी डिविलियर्स (53.47) चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

पडिक्कल ने इससे पहले वाले मैच में यानी क्वार्टर फाइनल में उन्होंने बड़ोदा के खिलाफ 102 रन की पारी खेली और अपनी इन पारियों से उन्होंने भारतीय वनडे टीम में एंट्री का दरवाजा खटखटा दिया है।

उनके लिस्ट ए करियर की बात करें तो उन्होंने अब तक खेले 32 मैचों में 82.52 की औसत के साथ 2063 रन बनाए हैं और इस दौरान 3 शतक व 17 अर्धशतक लगाए हैं। लिस्ट ए में उनका बेस्ट प्रदर्शन नाबाद 124 रन रहा है। देवदत्त भारत के लिए टेस्ट और टी20 प्रारूप में खेल चुके हैं, लेकिन वनडे प्रारूप में वो डेब्यू नहीं कर पाए हैं।

खो-खो विश्वकप:

# भारतीय पुरूष ने क्वार्टर फाईनल में किया प्रवेश



नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने खो-खो विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुरुष टीम ने पेरू पर 70-38 से और महिला टीम ने ईरान को 100-16 के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। महिला टीम ने इससे पहले दक्षिण कोरिया को 175-18 के विशाल अंतर से हराया था। ईरान के खिलाफ महिला टीम ने पहले 33 सेकंड में ही विरोधी टीम के पहले बैच को बाहर कर दिया। अश्वनी की अगुवाई में किए गए आक्रमण में मीनू कई बार विरोधियों को छू कर अंक जुटाए। भारत ने पहले टर्न को 50 अंक के अंतर से जीता। प्रियंका इंगले को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। पुरुष टीम के लिए आदित्य पोटे, शिवारेड्डी और सचिन भार्गो ने शानदार प्रदर्शन किया।

# कुलदीप यादव ने शुरू की गेंदबाजी, इंग्लैंड के खिलाफ खेल सकते हैं वनडे सीरीज

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज और आगामी ICC चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया में वापसी की तैयारी के लिए नेट्स में अभ्यास करना शुरू कर दिया है। इंस्टाग्राम पर कुलदीप ने नेट्स में गेंदबाजी करते हुए एक वीडियो साझा किया जिसमें वह अपने अभ्यास सत्र में पूरी तरह से लॉक इन नजर आ रहे हैं। कुलदीप पिछले साल नवंबर से इस साल जनवरी तक आयोजित ऑस्ट्रेलिया के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी दौरे के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के अंत के बाद उनके पुराने बाएं कमर के दर्द के दीर्घकालिक समाधान के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भेजा गया था। भारत के लिए उनका आखिरी मैच न्यूजीलैंड सीरीज का पहला टेस्ट था जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए थे।

जब वह वापस आएंगे, तो कुलदीप के पास 300 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। 159 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 22.50 की औसत से 297 विकेट लिए हैं जिसमें 6/25 का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। उन्होंने



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8 बार पांच विकेट लिए हैं। कुलदीप 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं।

पांच मैचों की टी20 सीरीज 22 जनवरी को कोलकाता में शुरू होगी। दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 25 और 28 जनवरी को चेन्नई और राजकोट में खेला जाएगा।

सीरीज का चौथा मैच 31 जनवरी को पुणे में खेला जाएगा। मुंबई 2 फरवरी को टी20 सीरीज के अंतिम मैच की मेजबानी करेगा। तीन मैचों की वनडे सीरीज 6 फरवरी से शुरू होगी। भारत के लिए नई चुनौती आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगी। इसकी मेजबानी पाकिस्तान और यूएई करेंगे, जिसमें भारत हाइब्रिड मॉडल के तहत यूएई में अपने मैच खेलेगा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 50 ओवर के मैच होंगे और ये पूरे पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। दो चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।



# खिलाड़ियों की अनुशासनहीनता से नाराज टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर

नईदिल्ली, एजेंसी। क्या टीम इंडिया के क्रिकेटर अनुशासनहीन हैं? ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई भारतीय क्रिकेट टीम की रिव्यू मीटिंग में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम में आईसीसी की अनुशासनहीनता से हेड कोच गौतम गंभीर नाराज बताए जा रहे हैं. उन्होंने रिव्यू मीटिंग में टीम इंडिया के राज खोले हैं. वहीं हाल में भारतीय क्रिकेट टीम में फैमिली टूर को लेकर नियमों में कई बदलाव हुए थे, संभवतः माना जा रहा है यह सब भी उस रिव्यू मीटिंग के बाद ही हुआ है. हेड कोच गौतम गंभीर ने रिव्यू मीटिंग में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज हारने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में अनुशासनहीनता के बारे में बात की थी. ध्यान रहे इस सीरीज में भारत को 1-3 से सीरीज गंवानी पड़ी थी. जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार- खिलाड़ियों की अनुशासनहीनता ही वह कारण है जिसके चलते बीसीसीआई टूर पर 2 सप्ताह तक परिवार के साथ रहने के कोविड-19 से पहले के नियमों पर वापस जा रहा है.

वहीं रिव्यू मीटिंग में सामने आया है कि गौतम गंभीर और खिलाड़ी परिवार के साथ रहने के मुद्दे पर एकमत थे. रिव्यू मीटिंग में यह भी तय हुआ कि जूनियर/युवा क्रिकेटरों के साथ सख्ती बरतने की जरूरत है. वहीं हैरानी वाली बात यह रही कि ऑस्ट्रेलिया में डेढ़ महीने लंबे दौरे में केवल एक टीम डिनर हुआ था .

बैठक में मौजूद एक वरिष्ठ खिलाड़ी ने बीसीसीआई को मैच फीस न बांटने का सुझाव दिया क्योंकि खिलाड़ी घरेलू और राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता नहीं दे रहे हैं. यह भी समझा जा रहा है कि कोलकाता में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान गौतम गंभीर और बीसीसीआई के बीच सभी विवादों के बीच बैठक हो सकती है.



# एससी एसटी एक्ट का हो रहा जमकर दुरुपयोग, राहत राशि की लालच में कराये जा रहें फर्जी मामले दर्ज

**पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम सहपुर के अनुसूचित जाति के एक परिवार द्वारा दो लोगो की झूठी शिकायत करते हुए अनुसूचित जाति जनजाति थाना पन्ना में मामला दर्ज कराया गया है। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर मामले की निश्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है। ज्ञात हो कि धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम साहपुर के निवासी दयाराम आरख, पिता देवीदीन आरख, राम नरेश आरख तथा उनकी माँ संतु बाई आरख के द्वारा थाना में झूठा मामला मारपीट का दर्ज कराया गया है। जिसको लेकर पीड़ित संदीप शुक्ला प्रदीप शुक्ला द्वारा मामले को झूठा बताते हुए निष्पक्ष जांच कराने पुलिस अधीक्षक से मांग की गई थी। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांच के आदेश दिये गयें। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधितो द्वारा पूर्व में भी झूठी शिकायते की गई थी, जिसकी भी जांच हो चुकी है, गौरतलब है कि उक्त लोगो द्वारा इस लिए झूठे मामले दर्ज कराये जाते है क्योकि संबंधित मामलो




में शासन द्वारा मुआवजा राशि दी जाती है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरख जाति के लोग एससी एसटी वर्ग में नहीं आते है, उक्त लोग अधिकांश उत्तर प्रदेश के है, जो पिछड़ा वर्ग के श्रेणी मे आते है, लेकिन मध्य प्रदेश में कुछ जिलो में उक्त जाति के लोगो को आरक्षण दिया गया है, जिसका दुरुपयोग हो रहा है। पीड़ित आवेदक संदीप शुक्ला द्वारा यह भी उल्लेख किया गया कि मेरे गाँव ग्राम शहपुरा के निवासी दयाराम आरख पिता देवीदीन आरख, रामनरेश आरख व संतु आरख के द्वारा गाँव मे दिनांक 07.07.2024 को गाली गलोज व शांति भंग की जा रही थी। तो उक्त मामले को लेकर दयाराम आरख जो ग्राम कोटवार के पद पर पदस्थ था उसकी शिकायत जिला कलेक्टर को दिनांक 12.07.2024 को की गई थी। तथा कार्यवाही की मांग की गई थी। शिकायत की जांच कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार द्वारा करते हुए आदेश क्रमांक 0001/अ-56/2024-25 को आदेश पारित करते हुये दोषी पाये जाने के कारण दयाराम आरख पिता देवीदीन आरख को ग्राम कोटवार के पद से प्रथक कर दिया गया था। इसके बाद उक्त लोगो द्वारा दिनांक 07.09.2024 को दयाराम आरख व उसका भाई रामनरेश आरख एवं माँ संतु आरख के द्वारा मेरे घर आ कर दरवाजे मे खडे हो कर बुरी-बुरी गालिया एवं जान से मारने की धमकी दी थी जिस पर मेरे भाई प्रदीप शुक्ला के द्वारा तीनो लोगो के विरुध धरमपुर थाना मे अपराध क्रमांक 0227 धारा 296, 351 (2)-3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद दयाराम आरख भाई रामनरेश आरख व माँ संतु आरख के द्वारा फर्जी मुकदमा दर्ज कराने की पुनः धमकी दी जा रही थी जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक पन्ना के समक्ष दिनांक 18.09.2024 को की गई थी जिस पर मेरे द्वारा स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि मुझ प्रार्थी संदीप कुमार शुक्ला व मेरे भाई एवं परिजनो के विरुध उक्त लोगो द्वारा झूठे मुकदमा दर्ज करवा रहें है। जिसकी निष्पक्षता से जाँच कराई जायें। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया था कि रामनरेश आरख के द्वारा फर्जी दस्तावेज के सहारे तहसील कार्यालय से अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करवा रहा है। जिसकी शिकायत दिनांक 19.12.2024 को मेरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व तहसीलदार एव नायब तहसीलदार मण्डल बीरा से की थी जिसमे मेरे द्वारा स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि रामनरेश आरख के द्वारा सन् 1950 का दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया है जिसकी गंभीरता से जॉच कर जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाये। इन तमाम बातो को लेकर संबंधितो द्वारा झूठी शिकायत करके मामला दर्ज कराया गया है। फिलहाल पीडित पक्ष द्वारा दिये गयें आवेदन की जांच के आदेश पुलिस अधीक्षक द्वारा अजाक थाना के डीएसपी कसे दिये गयें है।

### इनका कहना है

*संबंधित मामले में एससी एसटी एक्ट के तहत दो लोगो के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, लेकिन माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय को पीड़ित पक्ष द्वारा ही आवेदन दिया गया है, तथा विवेचना के दौरान जो भी तथ्य आयेगें उसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।*

**राजेन्द्र मोहन दुबे डीएसपी**
**थाना अजाका पन्ना**

# पुलिस नें चोरी गई मोटर साईकिल सहित दो आरोपियो को किया गिरफ्तार



**पन्ना।** बीते दिवस अजयगढ़ के फरियादी मैकू लाल साहू पिता बाबूलाल साहू उम्र 48 साल निवासी खोरा थाना धरमपुर द्वारा थाना अजयगढ आकर रिपोर्ट की गई कि मे अपने रिश्तेदार के यहाँ अपने गाँव से हीरो होण्डा मोटरसाईकिल स्पेलेन्डर प्रो से अजयगढ आया था। रात्रि मे खाना खाकर सो गया था, जब सुबह उठा को अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटरसाईकिल को चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ मे चोरी का अपराध क्रमांक 23/25 धारा 303 बी.एन.एस. कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा उक्त मामले मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व एस.डी.ओ.पी. अजयगढ श्री राजीव भदौरिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अजयगढ रवि सिंह जादौन को आरोपियो की पतारसी व गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया । थाना प्रभारी अजयगढ रवि सिंह जादौन के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपियो की पतारसी व गिरफ्तारी के प्रयास किये गये। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया, जिसमे 02 संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई। मुखबिर सुचना एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपियों को कछ्याना अजयगढ से अभिरक्षा मे लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई जिस पर आरोपियों द्वारा घटना कारित किये जाना स्वीकार किया गया। मामले मे पुलिस टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें दयालू कुशवाहा पिता लखन कुशवाहा उम्र 31 साल निवासी कछ्याना मोहल्ला अजयगढ, सचिन विश्वकर्मा पिता निवासी रामरतन उम्र 20 साल निवासी खग्गङका खाडा अजयगढ आदि।

# यातायात पुलिस द्वारा सत्ताईस वाहनों पर की गई कार्यवाही



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात द्वारा अपनी टीम के साथ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व उनमें कमी लाये जाने हेतु यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लखकार द्वारा अपने यातायात स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं को स्कूल लाने ले जाने वाले ओव्हर लोड 12 ऑटो, ई-रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की जाकर 9500 रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी तथा एम.व्ही.एक्ट के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 6200 रुपये वसूल किया गया कुल 27 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जाकर 15700 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया साथ ही सभी ऑटो, ई-रिक्शा चालकों को हिदायत दी गयी कि वाहन चलाते यातायात नियमों का पालन करें साथ ही वाहन के सम्पूर्ण कागजात जैसे की फिटनेश, बीमा, परमिट, ड्रायविंग लाईसेंस सहित अन्य सभी जरुरी दस्तावेज सही हालत में अपने साथ रखें।

# युवा दिवस पर ग्राम पंचायत दिया में बच्चो ने किया योगाभ्यास



**पन्ना।** युवा दिवस के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की 163 जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शासकीय हाई स्कूल दिया एवं सरस्वती शिशु मंदिर पहाड़ी खेड़ा में विद्यालयों के बच्चो द्वारा योगाभ्यास किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहें। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें जो शुभ अवसर मिला हमारे देश के आइकॉन पूरे विश्व के महान संत एवं दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जी के सिद्धांतों को युवाओं को बताया गया। नवयुवक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और भौतिक क्षमता विकसित करके अपना भविष्य निर्मित कर मानवता के लिए काम करें और अपना जीवन सार्थक करे इन्हीं संदेशों के बाद दोनों जगह के कार्यक्रम सम्मिलित होकर सभी को शुभकामनाए दी गई।

# राहुल जोशी झांसी में किये गये सम्मानित

**पन्ना।** पन्ना के कलाकार तथा गायक राहुल नाथ जोशी को उनकी प्रतिभा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए झांसी में पुलिस के सम्मान में आयोजित 'एक शाम खाकी के नाम' कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झांसी मंडल पुलिस आयुक्त विमल कुमार दुबे, पुलिस उप महानिरीक्षक केशव चौधरी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह की उपस्थिती में सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि राहुलनाथ जोशी पन्ना के वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ जोशी के सुपुत्र है। उनके सम्मानित होने पर ईष्ट मित्रो, शुभ चिंतको ने बधाई दी है।

# वाहन चेकिंग के नाम पर चौकी प्रभारी द्वारा की जा रही अवैध वसूली



**पन्ना।** जिले के सिमरिया थाना अन्तर्गत पुलिस चौकी मोहन्द्रा में पदस्थ चौकी प्रभारी स्मृता सिंह के खिलाफ वाहन चालको द्वारा, वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली के आरोप लगाये गये है। लोगो द्वारा बताया गया कि चौकी प्रभारी द्वारा आये दिन सिमरिया रैपुरा मार्ग पर चेकिंग लगाकर निकलने वाले वाहन चालको से अवैध वसूली की जाती है तथा मनमाने ढंग से परेशान किया जाता हैं, इस संबंध में स्थानीय लोगो द्वारा एसडीओपी पवई को भी शिकायत की गई है, तथा वाहन चेकिंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली को बंद करने की मांग की है।

# 63 हजार के नशीले सिरप के साथ आरोपी बंदी

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने नशीले सिरप की बड़ी खेप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना पर जमुना कॉलोनी-डालीबाबा में मैदान के पास दबिश देकर एक युवक को पकड़ लिया गया, जिसकी पहचान करन पुत्र राजेश चौधरी 28 वर्ष, निवासी बजरहा टोला, के रूप में की गई। उसके कब्जे से एक बोरी के अंदर 7 पैकेट में रखे 210 शीशी नशीला सिरप बरामद किया गया, जिसकी कीमत 63 हजार रुपए निकाली गई।

# जीवन को मधुरता रूपी मिठास से भरें : ब्रह्माकुमारीज

## संयम नियम के मर्यादाओं में बंधे रहे : बहन जी



**पन्ना।** मकर संक्रांति के अवसर पर सारंग धाम मेले में ब्रह्माकुमारीज़ विद्यालय की ओर से आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। ब्रह्माकुमारी विद्यालय के भाई-बहनों ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि आज का पर्व अपने आप में विशेष पर्व है। सभी को परमात्मा का संदेश देते हुए अपने जीवन का लक्ष्य बताया कि मकर संक्रांति पर सूर्य का राशि परिवर्तन व ऋतु परिवर्तन यादगार है, मनुष्य के बुरे विचारों को शुद्ध विचारों में परिवर्तन करने का यादगार है। आज के दिन सभी उमंग उत्साह से अपनी पतंग को बहुत ऊंचा उड़ाने की कोशिश करते हैं परंतु डोर हमेशा अपने हाथ में रखते हैं वह डोर है मर्यादाओं की ईमानदारी की संयम नियम की। हमें अपने जीवन में किसी भी परिस्थिति में मर्यादाओं की डोर में हमेशा बंधे ही रहना है। तिल गुड़ अर्थात् जीवन मधुरता रूपी मिठास से भरा हो। सभी से ईर्ष्या, नफरत, क्रोध, अहंकार, अभिमान-अपमान आदि अवगुणों को दान करने के लिए प्रतिज्ञा कराई गई। सभी ने जीवन रूपी पतंग को मर्यादा रूपी डोर से बांधने का संकल्प लिया।

# ऑनलाइन लॉग इन कर बनवाए जा सकते हैं जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र

**पन्ना।** आम नागरिक वैधानिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र वेबसाइट पर लॉगिन कर बनवा सकते हैं। यदि किसी आवेदक को ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है तो वह जहां पर घटना घटित हुई है, उससे संबंधित पंजीयन इकाई में आवेदन करें। जैसे कि यदि प्रायवेट अस्पताल में जन्म अथवा मृत्यु हुई है तो वहां की नगरीय निकाय में आवेदन करें और यदि ग्रामीण क्षेत्र में जन्म मृत्यु हुई है, तो वहां की ग्राम पंचायत में आवेदन करने पर प्रमाण पत्र बन सकेगा।

# श्रीराम सर्वकल्याण समिति ने गरीब आदिवासियों को बांटे गर्म कपड़े



**पन्ना।** पन्ना नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 28 के गांधी ग्राम जनकपुर में श्री राम सर्वकल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता पाराशर द्वारा मकर संक्रांति त्योहार के उपलक्ष में गरीब आदिवासी परिवारों के बीच में पहुंचकर उनके द्वारा ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है। इसके साथ ही बच्चों को मिठाई बिस्कुट और खिलौने वितरण किये गए। समिति अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता पाराशर ने कहा कि गरीबों के बीच जो सामग्री बांटने से आनंद प्राप्त होता है वह किसी अन्य कार्य में नहीं है, इसलिए गरीबों की मदद हर व्यक्ति को करना चाहिए। ताकि उनके भी त्यौहार में रौनक आ सके। इस अवसर पर समिति के सचिव नितिन यादव दीपाली पाराशर अभिषेक पाराशर सौरभ सोनी सिद्धांत जैन अभिषेक प्रजापति अनिल उपाध्याय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# चाईनीज मांझा को लेकर दिनभर अलर्ट रहा राजस्व व पुलिस प्रशासन

## पतंग दुकानों में की गई जांच, पड़ताल

**पन्ना।** शहर में प्रतिबंधित चाईनीज मांझा की बिक्री न हो सके उसको लेकर आज मकर संक्राति के दिन सुबह से ही राजस्व व पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। पतंग दुकानों में छापामार कार्यवाही की गई लेकिन कहीं भी बिक्री होते आज जसी की कार्यवाही नहीं हो सकी। गौरतलब हो कि करीब एक माह पूर्व शहर के गहरा निवासी एक सात वर्षीय मासूम बालक का इसी चाईनीज मांझा के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई थी और उसके हांथ व पैर में चालीस से अधिक टांके आये थे। इस घटना को इस समाचार पत्र ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था।

कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में शहर के कटरा बाजार, बड़ा बाजार, बल्देव जी मंदिर के पास स्थित आदि पतंग दुकानों में एक सप्ताह से कार्यवाही कर जती की गई थी। आज एसडीएम पन्ना संजय नागवंशी, एसडीओपी एस.पी.एस. बघेल, टीआई रोहित मिश्रा ने पुलिस बल के साथ पतंग दुकानों में जांच पडताल की। इस संबध में टीआई रोहित मिश्रा ने बताया कि कई दुकानों से कार्यवाही किये जाने के कारण प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बाजार में नहीं बिका।




# सीएम राइज विद्यालय अजयगढ़ में किया गया सूर्य नमस्कार

**पन्ना।** सीएम राइज विद्यालय अजयगढ में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ नगर परिषद अजयगढ की अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वामी विवेकानंद के आदर्शों के बारे में बच्चों द्वारा तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी गई। इसके बाद सुबह 09:30 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सूर्य नमस्कार में लगभग 400 से अधिक छात्र-छात्राओं व शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुरेश यादव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, वीरेन्द्र जैन, चतुरेश सेन, जागेश्वर प्रसाद अवस्थी सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मकर संक्राति पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**पन्ना**



14 जनवरी को मकर संक्राति के त्यौहार का एक अलग ही महत्व देखने को मिला है। सूरज के उत्तरायण होने पर इस पर्व को लेकर आम जनमानस के साथ-साथ बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। ठण्ड ज्यादा होने के पश्चात भी सुबह-सुबह स्नान करने नदीं, तालाबों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड देखने को मिली। परिवार के साथ सुबह-सुबह स्नान करने पहुंचे। लोगों का मानना है कि आज के दिन स्नान, दान करने से सभी पाप कट जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। आज के दिन स्नान करने के बाद गुड़ और तिल खाने की परंपरा है। जिसे लोग दान भी करते हैं। मकर संक्राति के दिन किसी भी नदी में लोग स्नान करते हैं तो उसे गंगा स्नान का नाम दिया जाता है। साथ ही बिसानी गांव स्थित गंगा झिरिया मेले में भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं गौमुख से निकलने वाले जल की अविरल धारा से जो झरना निकलता है उस झरने में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। पंडित सुरेश दुबे ने बताया की तिल और गुड़ की तासीर गर्म होती है इसलिए सर्दी के मौसम में इनका सेवन करना फ़ायदेमंद माना जाता है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 17 जनवरी 2025

8


नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की बैठक आज दिनांक 16.01.2025 को महापौर श्री अजय मिश्रा (बाबा) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय।



# स्कूल बसों में बच्चों की सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें

## स्कूल बसों में निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करायें : कलेक्टर

**रीवा।** स्कूल की बसों में बच्चों सुरक्षित आवागमन के लिए माननीय उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों में बस ऑपरेटर, स्कूल प्रबंधन, शिक्षा विभाग, बच्चों के अभिभावक एवं पुलिस तथा परिवहन विभाग की भूमिका का निर्धारण किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी स्कूल बस संचालक तथा स्कूलों के प्राचार्य बच्चों के आवागमन के लिए उपयोग की जाने वाली बसों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें तथा स्कूल बसों में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस संबंध में शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करें। जिला परिवहन अधिकारी स्कूल बसों की नियमित जाँच करके निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बताया है कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार स्कूल बस पीले रंग में हों। बसों के आगे और पीछे बड़े व स्वच्छ अक्षरों में स्कूल बस लिखा होना चाहिए। यदि स्कूल बस किराए की है तो उस पर आगे एवं पीछे विद्यालय सेवा में (आन स्कूल ड्यूटी) लिखा जाए। स्कूल द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली बस में निर्धारित सीटों से अधिक संख्या में बच्चे नहीं बैठें। प्रत्येक बस में अनिवार्य रूप से प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था रहे। बस की खिड़कियों में ग्रिल अनिवार्य रूप से लगाई जाए। प्रत्येक बस में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था रहे। बस में स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर बड़े अक्षरों में अवश्य लिखा जाए।

कलेक्टर ने कहा कि जारी निर्देशों के अनुसार स्कूल बस चलाने वाले चालक के पास भारी वाहन चलाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उसके द्वारा पूर्व में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न किया गया हो। बस में वाहन चालक के अतिरिक्त बच्चों की सहायता के लिए अन्य प्रशिक्षित वयस्क व्यक्ति तैनात रहे। यदि बस में केवल छात्राएं यात्रा कर रही हैं तो महिला अध्यापक अथवा सहायिका की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। बच्चों के बैग रखने के लिए सीट के नीचे जगह होनी चाहिए। बसों में नियमानुसार दो दरवाजे तथा आपातकालीन खिड़की लगी हो। बस में गति नियंत्रक अर्थात स्पीड गवर्नर 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड पर निर्धारित किया हुआ होना चाहिए। बसों के दरवाजे पर लगे लॉक की स्थिति ठीक होनी चाहिए। स्कूल बसों में जीपीएस सिस्टम एवं सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। स्कूल बस 12 वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। स्कूल बस में बीएलटीडी डिवाइस एवं पैनिक बटन लगाया जाना अनिवार्य है। स्कूल बस के चालक का हर 6 माह में नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। किसी भी शिक्षक अथवा पालक को बस में सुरक्षा मुआयना करने की दृष्टि से जाने की सुविधा होनी चाहिए।

जारी निर्देशों के अनुसार स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के स्वामित्व की अथवा अनुबंधित स्कूली वाहनों में मापदण्डों की पूर्ति आवश्यक है। स्कूल प्रबंधन द्वारा ट्रांसपोर्ट मैनेजर की नियुक्ति की जानी चाहिए जो बच्चों के सुरिक्षत परिवहन के प्रबंधन को सुनिश्चित करें। स्कूल प्रबंधन स्कूल आने वाले विद्यार्थियों के स्कूल वाहन अथवा अन्य वाहन से आने का पूरा विवरण रखे। स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों को स्कूल लाने ले जाने वाले समस्त वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस वेरीफिकेशन, वाहन का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, प्रमाण पत्र का एक सेट आवश्यक रूप से रखें। वाहनों के निरीक्षण के दौरान इसे प्रस्तुत करें। स्कूली वाहन में एलपीजी से संचालित वाहन का प्रयोग सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत खतरनाक है। अतः स्कूल प्रबंधन द्वारा यह निगरानी रखी जाए कि स्कूल का कोई भी छात्र एलपीजी संचालित वाहन से स्कूल न जाए और ऐसा होने पर उसका दायित्व होगा कि इस संबंध में तत्काल पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग को सूचित किया जाए। ऐसा न करने पर दुर्घटना की स्थिति में संपूर्ण जवाबदेही स्कूल प्रबंधन की होगी। स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक वाहन से निर्धारित सीट संख्या अनुसार बच्चों का परिवहन किया जाए। स्कूल प्रबंधन यह सुनिश्चित करे कि बालकों को स्कूल परिसर के किसी सुरक्षित स्थान पर ही सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में उतारा चढ़ाया जाए।

## कलेक्टर मऊगंज ने तीन उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को जारी किया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने धान खरीदी केन्द्र के तीन केन्द्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र प्रभारी मिसिरगवां बीपी पाल, उपार्जन केन्द्र प्रभारी बिछरहटा क्रमांक एक हनुमान शुक्ला तथा उपार्जन केन्द्र प्रभारी बन्ना रामसहोदर पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का लिखित जवाब तीन दिन के भीतर प्रस्तुत न करने तथा संतोषजनक जवाब न पाए जाने पर केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उपार्जन केन्द्र में अमानक स्तर की धान उपार्जित करने, किसानों से अधिक धान लेने और धान की बोरियों में टैग नहीं होने सहित केन्द्र में अन्य अव्यवस्थाएं पाई गईं, जिस पर कलेक्टर ने संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# रोजगार मेला 20 जनवरी को

## रोजगार मेले में 9 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** स्थानीय शासकीय आईटीआई में 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 9 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 6 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में यशस्वी ग्रुप भोपाल, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड पूणे, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. तथा भारतीय जीवन बीमा रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## जवा के एसडीएम व तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जवा के एसडीएम पीयूष भट्ट एवं तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विधानसभा प्रश्न के परिप्रेक्ष में प्राकृतिक आपदा/ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति में शेष बकाया 180 कृषकों के मुआवजा राशि वितरण की प्रगति की जानकारी न प्रेषित करने पर पदीय दायित्व में लापरवाही के कारण नोटिस जारी कर दो दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 17 जनवरी को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 17 जनवरी को कुइंयाकला, पथरहा तथा मनिकवार नंबर दो में, अनुभाग हुजूर में शिवपुर्वा 601 और शिवपुर्वा 603 में, अनुभाग जवा में बौसड़वा तथा बौसड़ में, अनुभाग मनगवां में गढ़, मदरी और लोटनी में, अनुभाग त्योंथर में अमावं और पड़री में तथा अनुभाग सिरमौर में बड़ी हर्रई, पड़रिया तथा बुसौल में शिविर लगाये जायेंगे।

## इंदिरा पार्क में नगर निगम द्वारा आज लगाया जायेगा शिविर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 17 जनवरी को वार्ड क्रमांक 11 और 12 के लिए इंदिरा पार्क में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है।

# भू-अर्जन संबंधी बैठक संपन्न



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये भू-अर्जन के प्रस्ताव के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के अनुरूप भू-अर्जन प्रक्रिया एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण कार्य के लिये प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार भूअर्जन की कार्यवाही कर संबंधितों को राशि भुगतान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि निर्माण विभाग तत्काल प्रस्ताव दें ताकि भूअर्जन की प्रक्रियाओं की पूर्ति कराते हुए आगामी कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि आपसी क्रय से संबंधित प्रस्ताव लंबित न रहे। अवार्ड पारित भूमि का संबंधित एसडीएम कब्जा संबंधित निर्माण विभाग को दिलाया जाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यदि भूमि की अतिरिक्त जरूरत हो तो पूरक प्रस्ताव प्रस्तुत करें। उन्होंने त्योंथर फ्लो का रिकार्ड दर्ज न करने पर जवा तहसीलदार को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जल निगम, एचएचईआई, राष्ट्रीय राजमार्ग, सिंचाई विभाग, पीएमजीएसवाई विभागों के भूअर्जन प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैठक आज

**रीवा।** माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर द्वारा पारित आदेश के अनुसार स्कूल बसों में सुरक्षा उपाय के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। जिसके तारतम्य में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सभी स्कूल संचालकों तथा स्कूल वाहन संचालकों की बैठक 17 जनवरी को दोपहर 2 बजे से आयोजित की गयी है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनीष त्रिपाठी ने बैठक में संबंधितों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# कलेक्टर ने समिति प्रबंधक त्योंथर को दिया कारण बताओ नोटिस

## उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सेवा सहकारी समिति त्योंथर के प्रबंधक तथा उपार्जन केन्द्र प्रभारी अम्बुज पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का तीन दिवस के भीतर लिखित जवाब प्रस्तुत न करने पर विधिसंगत एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। जारी नोटिस के अनुसार धान उपार्जन केन्द्र का अधिकारियों तथा सर्वेयर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में अमानक स्तर की धान लेने, बोरियों के टैग में किसानों की जानकारी अंकित नहीं होने, बोरियों में उपार्जन केन्द्र का छापा नहीं लगने, ऑनलाइन दर्ज मात्रा से 2800 बोरी धान अधिक मिलने, किसानों धान ऑफलाइन लेने, नियम विरूद्ध परिवहन करने, 11681 बारदाने कम पाए जाने, तौल में बोरियों का वजन निर्धारित मात्रा में नहीं पाए जाने जैसी अनियमितता पाई गई। साथ ही अब तक किसानों से 251 क्विंटल धान अधिक लेकर अवैधानिक तरीके से लाभ कमाया गया है। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्र में इन गंभीर अनियमितताओं पर केन्द्र प्रभारी तथा समिति प्रबंधक अम्बुज पाठक को निलंबन की कार्यवाही करने, अधिक मात्रा में ली गई धान की मात्रा की वसूली करने, भविष्य में उपार्जन कार्य से ब्लैकलिस्ट करने तथा अभियोजन की कार्यवाही करने का नोटिस जारी किया है।

## लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स का प्रशिक्षण 17 जनवरी को सेलीब्रोशन होटल में प्रातः 9.30 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इसमें सड़क, भवन, सेतु, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयंत्री से अधीक्षण यंत्री स्तर तक के इंजीनियर्स शामिल होंगे। प्रशिक्षण में लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई तथा विषय विशेषज्ञ इंजीनियर्स को ऑनलाइन संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण में गुजरात, तेलंगाना राज्यों में एनएचआई में क्रियान्वित बेस्ट प्रैक्टिस के विषय में भी अवगत कराया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए मुख्य अभियंता भवन जबलपुर आरके अहिरवार तथा मुख्य अभियंता सागर परिक्षेत्र सीपी सिंह को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण का नोडल अधिकारी अधीक्षण यंत्री रीवा मण्डल मनोज द्विवेदी को बनाया गया है।

# देवतालाब में रोजगार मेला आज

## रोजगार मेले में 6 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** मऊगंज जिले के शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छयाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में डीएमसी फिनिसिंग स्कूल प्राइवेट लिमि. पुणे, बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रा. लि. (आईसेक्ट) इंदौर, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**रीवा।** मध्य प्रदेश अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला रीवा के अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि सभी मान्यता प्राप्त एवं गैरमान्यता प्राप्त संगठनों ने संयुक्त रूप से कर्मचारी हितार्थ 51 विन्दुओं का मांग पत्र के प्रथम चरण के तहत संयुक्त मोर्चा अधिकारी/कर्मचारी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष एम.पी.द्विवेदी के नेतृत्व में कलेक्टर जिला रीवा के माध्यम से से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को सम्बोधित सौपा गया। प्रतिनिधि मण्डल में सभी संगठनो के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मांग पत्र में मांग की गई है कि अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्ष 2016 से बंद पदोन्नति को बहाल किया जाकर पात्रता दिनांक से पदोन्नति की जाय, विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ लिपिकों को मंत्रालय के समान समयमान वेतन का लाभ 1-4-06 से दिया जाय, गृह भाड़ा भत्ता एवं अन्य भत्तों को सतवें वेतनमान से शामिल किया जाय, भृत्य का नाम परिवर्तित किया जाकर कार्यालय सहायक किया जाय साथ ही ग्रेड-पे 1300 के स्थान पर 1800 किया जैसे अनेकों बिन्दु मांग पत्र में शामिल है।

## दिशा समिति की बैठक 27 जनवरी को

**रीवा।** सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 27 जनवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जायेगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास, विद्युत मण्डल अंतर्गत आरडीएसएस योजना, 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने, मुद्रा/अटल जीवन ज्योति योजना तथा रमसा के तहत कराए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# कमिश्नर ने सीतापुर हनुमना एवं बहुती सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

रीवा




कमिश्नर बीएस जामोद ने सीतापुर हनुमना एवं बहुती सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सर्वे, भू-अर्जन की कार्यवाही कराते हुए व्यवधानों को दूर कर सभी कार्य समय सीमा में हो यह सुनिश्चित करें। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। जबकि वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, कलेक्टर सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला तथा कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव बैठक में जुड़े।

समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने सीतापुर हनुमना सिंचाई परियोजना से एक लाख 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिये कराये जा रहे प्रारंभिक स्तर के कार्यों को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस परियोजना से मऊगंज एवं हनुमना के 399 गांवों की 6250 हेक्टेयर भूमि, गुढ़ के 11 गांवों की 3 हजार हेक्टेयर भूमि सहित सीधी, चुरहट, सिहावल, गोपबनास तथा चितरंगी तहसील के गांवों की जमीनें सिंचित होंगी। कमिश्नर ने निर्देश दिये कि परियोजना में निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि के साथ सिंचाई विभाग के अधिकारी सर्वे व अन्य कार्यों के दौरान अवश्य उपस्थित रहे तथा पूर्ण गुणवत्ता के साथ सभी कार्य करायें। उन्होंने बहुती परियोजना में आ रहे व्यवधान को दूर करने के लिये कलेक्टर सीधी को निर्देशित किया। इस दौरान बताया गया कि बहुती परियोजना के सभी स्तर के कार्य प्रगतिरत है।

गोंड सिंचाई परियोजना की समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने आवंटित 240 हेक्टेयर भूमि में से 177 हेक्टेयर भूमि के लिये सर्वे दल को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सीधी जिले के प्रभावित 5 गांवों तथा आंशिक प्रभावित 37 गांवों के सर्वे, भूअर्जन की कार्यवाही किये जाने हेतु कमिश्नर द्वारा निर्देशित किया गया। सिंगरौली के कार्यपालन यंत्री संकट मोचन तिवारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कमिश्नर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य अभियंता सिंचाई विभाग ए.के. डेहरिया ने बताया कि सोनघड़ियाल के लिये प्रस्तावित 2 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 10 बोरबेल करने के लिये अनुमति अपेक्षित है। कमिश्नर ने सभी औपचारिकताओं की पूर्ति कर पोर्टल में इंट्री करने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने बैठक में आगाह किया कि बिना किसी हीलाहवाली के परियोजनाओं के कार्यों में प्रगति लायें तथा नियमित निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता भी देखें। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी सहित सिंचाई एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833